Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

## खबर कोना

### दयालपुर इलाके में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, शव पोस्टमार्टम को भेजा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जून।

उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में सोमवार शाम तीन हमलावरों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, शाम करीब 6:10 बजे दयालपुर थाने में गोलीबारी की घटना की सूचना मिली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नेहरू विहार स्थित घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि तीन हमलावरों ने राशिद नाम के व्यक्ति पर गोलियां चलाई थीं जिससे वह घायल हो गया। उनके मुताबिक, व्यक्ति को पहले ही जीटीबी अस्पताल ले जाया जा चुका था, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद फोरेंसिक दल ने अपराध स्थल का निरीक्षण कर वहां से साक्ष्य एकत्र किए हैं। इस संबंध में दयालपुर थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### डाबड़ी स्थित अस्पताल में लगी आग, कई मरीजों को बचाया गया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जून।

डाबड़ी इलाके में स्थित एएस किडनी अस्पताल में रविवार रात भीषण आग लग गई। आग बिजली संबंधी उपकरणों में लगी थी। घटना के बाद अस्पताल में इलाजरत 15 मरीजों को समय पर बाहर निकाला गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शुरुआती जांच में पता चला है कि आग शार्ट-सर्किट के कारण गली थी। दिल्ली दमकल विभाग के मुताबिक रविवार रात लगभग 10:25 बजे, डाबड़ी-पालम रोड पर स्थित एएस मल्टी किडनी अस्पताल में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर मौके पर पांच दमकल के वाहनों को भेजा गया। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि रात करीब 10:40 बजे आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक अस्पताल के कर्मचारियों ने अग्निशामक यंत्रों से आग को बुझा दिया था।

### इमारत में आग लगाने के मामले में गिरफ्तार आरोपी का है आपराधिक इतिहास

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जून।

दक्षिण पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में एक इमारत में कथित रूप से जानबूझकर आग लगाने के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में से एक गिरोहबाज है और वह पिछले महीने ही जेल से बाहर आया था। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि आरोपी की पहचान निरंजन के रूप में हुई है, जिसे गोविंदपुरी इलाके का बदनाम व्यक्ति घोषित किया हुआ है और उसका एक लंबा आपराधिक रिकार्ड है। उसका भाई राजकुमार भी आपराधिक मामलों में शामिल है। बताया जा रहा है कि मई के पहले सप्ताह में निरंजन को जेल से रिहा किया गया था और वह घटना की साजिश रचने में कथित तौर पर शामिल था। इलाके में प्रभुत्व को लेकर पहाड़ी नामक एक स्थानीय व्यक्ति के साथ उसकी प्रतिद्वंद्विता भी चल रही थी, जिसके कारण अतीत में कई बार टकराव हुआ था।

नीट पेपर लीक मामला

# सीबीआइ को मिली जेल में तीन आरोपियों से पूछताछ की इजाजत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जून।

एक अदालत ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) का पेपर लीक होने के मामले में जेल में बंद तीन आरोपियों से पूछताछ की अनुमति मांगने संबंधी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) की अर्जी सोमवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति सुरेंद्र मोहित सिंह सीबीआइ की उस अर्जी पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें न्यायिक हिरासत में बंद मनीषा संजय वाघमारे, धनंजय निवृत्ति लोखंडे और शुभम मधुकर खैरनार से पूछताछ की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था।

अर्जी में कहा गया था कि यह खुलासा हुआ है कि आरोपी (तीनों) मुख्य षड्यंत्रकारी हैं, जिन्होंने तीन मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा से पहले आर्थिक लाभ के बदले पेपर लीक किए जाने और उनके प्रसार में भूमिका निभाई थी। इसमें अदालत से जांच के संबंध में आवश्यक स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए आरोपियों से पूछताछ की अनुमति मांगी गई थी। लोखंडे और खैरनार को 13 मई को गिरफ्तार किया गया था, जबकि वाघमारे को इसके अगले दिन गिरफ्तार किया गया। बाद में, उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सूत्रों ने बताया कि सीबीआइ 17 जून को वाघमारे से, इसके अगले दिन लोखंडे से और 19 जून को खैरनार से पूछताछ करेगी।

> *अर्जी* में कहा गया था कि यह खुलासा हुआ है कि आरोपी (तीनों) मुख्य षड्यंत्रकारी हैं, जिन्होंने तीन मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा से पहले आर्थिक लाभ के बदले पेपर लीक किए जाने और उनके प्रसार में भूमिका निभाई थी।

इस बीच, अदालत ने आरोपी यश यादव, मांगीलाल खटीक, विकास बिवाल, दिनेश बिवाल, धनंजय लोखंडे, मनीषा संजय हवलदार, मनोज शिरुरे, तेजस शाह और शुभम खैरनार की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी। इन सभी को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया था। मामले में सीबीआइ ने अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है, वे सभी अभी न्यायिक हिरासत में हैं। मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी परीक्षा तीन मई को आयोजित की गई थी, लेकिन पेपर लीक होने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) ने इसे 12 मई को रद्द कर दिया। अब पुनर्परीक्षा 21 जून को होने वाली है।

आक्रोश जंतर-मंतर पर सोमवार को क्रांतिकारी युवा संगठन ने अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत के विरोध में प्रदर्शन किया।

# बीमा पालिसी के नाम पर ठगी करने के आरोप में चार गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जून।

दिल्ली पुलिस ने बीमा पालिसी के नवीनीकरण के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों ने एक वरिष्ठ नागरिक से चार लाख रुपए की से ठगी की थी।

दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त ने कहा कि आरोपियों की पहचान सुनील कुमार रावत, राहुल, सोनू एवं शिवम उर्फ मोनू के रूप में हुई। इस गिरोह ने बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि बनकर लोगों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों को अपना शिकार बनाया और पीड़ितों का विश्वास जीतकर बीमा पालिसियों को नवीनीकृत करने के नाम पर उनसे पैसे ठग लिए।

पुलिस के मुताबिक, यह मामला तब सामने आया, जब एक बुजुर्ग ने पुलिस के पास शिकायत की कि उसे एक व्यक्ति का फोन आया था, जिसने खुद को किसी वित्तीय कंपनी से जुड़ा हुआ बताया। फोन करने वाले व्यक्ति ने उसे बताया कि उसकी बीमा पालिसी की अवधि समाप्त हो चुकी है एवं इसे नवीनीकृत करने के लिए चार लाख रुपए देने होंगे।

### साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़

दिल्ली पुलिस ने लगभग 1.56 करोड़ रुपए की ठगी से जुड़े एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पीड़ितों से पैसे ठगने के लिए 'म्यूल अकाउंट' (कमीशन पर मिलने वाले बैंक खातों' का इस्तेमाल कर रहे थे। आरोपियों की पहचान मोहम्मद सादिक एवं जावेद अंसारी के रूप में हुई है। दोनों ही उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि दिल्ली की एक महिला के साथ आनलाइन निवेश के नाम पर 21 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई थी। मीणा ने कहा कि जीटीबी एंक्लेव निवासी महिला ने नौ अप्रैल को यह मामला दर्ज कराया था। उन्होंने कहा कि महिला ने सोशल मीडिया पर शेयर बाजार में निवेश से संबंधित एक आनलाइन विज्ञापन देखा था और संबंधित लिंक पर क्लिक करने के बाद, उसे एक समूह में जोड़ा गया जहां जालसाजों ने खुद को निवेश विशेषज्ञ के रूप में पेश किया और पैसा निवेश करने पर मोटे मुनाफे का वादा किया था।

# यमुना के 32 ऐतिहासिक घाटों का होगा पुनरुद्धार

## उपराज्यपाल ने डीडीए को छह माह में चरणबद्ध तरीके से काम शुरू करने के दिए निर्देश

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जून।

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को उत्तरी दिल्ली के यमुना बाजार इलाके में यमुना किनारे स्थित 32 ऐतिहासिक घाटों के पुनरुद्धार का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने डीडीए को छह माह में चरणबद्ध तरीके से इस योजना पर काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

उपराज्यपाल कार्यालय के मुताबिक एक समीक्षा बैठक में संधू को बताया गया कि दिल्ली विकास प्राधिकरण ने अब तक यमुना के बाढ़ वाले इलाकों से 88,574 मीट्रिक टन निर्माण और विध्वंस का कचरा और 4,998 मीट्रिक टन नगर पालिका का कचरा हटाया है और बाढ़ वाले इलाके की लगभग 1,425 एकड़ जमीन को फिर से हासिल किया है। अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल संधू ने नदी के किनारे विकसित इलाकों व प्रोजेक्ट असिता, बांसरा, अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क, यमुना वनस्थली, कालिंदी अविरल और यमुना वाटिका के काम की प्रगति की भी समीक्षा की।

### 'डिजिटल आधारित प्रशासन की दक्षता में दिल्ली की भूमिका अहम'

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते दिल्ली की यह महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वह दिखाए कि डिजिटल प्रशासन किस तरह प्रभावी, समावेशी और सभी के लिए सुलभ हो सकता है। उन्होंने यह बात विकासपुरी क्षेत्र में परिवहन मंत्री पंकज सिंह के साथ एक आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन करने के बाद कही। संधू ने कहा कि दिल्ली के लोगों की प्रशासन में पारदर्शिता और कार्यकुशलता की अपेक्षाएं लगातार बढ़ती रहेंगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में अब लगभग छह आधार केंद्र हैं, जिससे लोगों को आधार नामांकन, बायोमेट्रिक अपडेट और अन्य संबंधित सेवाएं पहले से अधिक आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। संधू ने कहा कि आधार ने प्रशासन में पारदर्शिता और समावेशिता को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि विकासपुरी केंद्र के शुरू होने से नागरिकों को आधार एनरोलमेंट, अपडेट और उससे जुड़ी अन्य दूसरी सेवाओं के लिए इंद्रलोक, प्रगति मैदान और ऐसी ही दूरस्त केंद्रों पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# यमुना के 28 प्रमुख घाटों पर चलाया गया सफाई अभियान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जून।

दिल्ली सरकार की ओर से सोमवार को यमुना के 28 प्रमुख यमुना घाटों पर एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में सैकड़ों नागरिकों, स्वयंसेवकों, सामाजिक संगठनों, आरडब्ल्यूए, विभिन्न सरकारी विभागों और एजंसियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि इस अभियान के दौरान यमुना घाटों, नदी तटों, पहुंच मार्गों और आसपास के सार्वजनिक क्षेत्रों की व्यापक सफाई की गई तथा 116.6 मीट्रिक टन कचरे को एकत्र कर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया गया। दिल्ली सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, नगर निगम, राजस्व विभाग सहित कई विभागों ने संयुक्त रूप से इस अभियान को सफल बनाया। दिल्ली पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और डूसिब ने अभियान में महत्त्वपूर्ण सहयोग दिया।

जल, लोक निर्माण एवं सिंचाई मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्लीवासियों ने जिस उत्साह और जिम्मेदारी के साथ इस अभियान में भाग लिया है, वह बताता है कि यमुना की स्वच्छता अब सरकार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता का आंदोलन बन चुकी है। अभियान के दौरान एकत्र किए गए कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित कर पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप निस्तारित किया गया। सामान्य कचरे एवं निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का निर्धारित नियमों के तहत निपटान किया गया, जबकि पूजा सामग्री एवं खंडित मूर्तियों का पर्यावरण अनुकूल तरीके से विसर्जन सुनिश्चित किया गया।

### करोड़ों खर्च होने के बाद क्यों नहीं साफ हुई यमुना : कांग्रेस

**नई दिल्ली, 15 जून (संवाददाता)।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि यमुना की सफाई पर करोड़ों रुपए खर्च हो चुका है। इसके बावजूद आज भी यमुना प्रदूषित है। दिल्ली कांग्रेस के प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और भाजपा के पदाधिकारी यमुना की सफाई को लेकर जो नाटक कर रहे हैं, उसे बंद कर देना चाहिए। यमुना नदी में अब भी 23 नालों का गंदा पानी गिर रहा है, जब तक नाले के पानी को नहीं रोका जाएगा, तब तक यमुना नदी की सफाई सुनिश्चित नहीं की जा सकती। इसको लेकर जानकार कई बार सरकार को अवगत भी करा चुके हैं।

# जाफराबाद में कर्ज व ब्याज से परेशान आटो चालक ने दी जान

नई दिल्ली, 15 जून (संवाददाता)।

जाफराबाद थाना क्षेत्र में कर्ज और ब्याज से परेशान होकर आटो चालक 48 वर्षीय सुंदर लाल ने नौ जून को फंदा लगाकर जान दे दी। आत्महत्या करने से पहले सुंदर ने अपने मोबाइल में एक वीडियो रिकार्ड किया।

वीडियो में उसने अपनी मौत का जिम्मेदार दो ब्याजखोरों को बताया है। साथ ही दोनों पर प्रताड़ित करने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने सुंदर की पत्नी सोनिया की शिकायत के आधार पर अंकुर व राहुल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक, पेशे से आटो चालक सुंदर लाल, गली संख्या छह, मौजपुर में किराए के मकान में परिवार के साथ रहता था।

वीडियो में सुंदर लाल ने बताया कि उसने राहुल से 30 हजार रुपए ब्याज पर लिए थे। लेकिन उसने इसे एक लाख 20 हजार बना दिया। अब वह रोज जबरदस्ती 2000 रुपए वसूल रहा है, नहीं देने पर धमकी देता है। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति अंकुर से उसने 20 हजार रुपए उधार लिए थे, जिसके उसने 70 हजार रुपए बना दिए। वह रोज 1500 रुपए की मांग कर रहा है। वह एक आटो चालक हैं और रोजाना दोनों को मिलाकर 3500 रुपए कहां दे पाएंगा। वहीं, पुलिस का कहना है कि वीडियो फारेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।


## नियुक्तियां

**लक्ष्मीबाई महाविद्यालय**
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
पता : अशोक विहार-III, दिल्ली - 110052
वेबसाइट : lakshmibaicollege.in; ईमेल : info@lb.du.ac.in

विज्ञापन सं: एलबीसी/एनटीएडवर्ट.-01/2026 तिथि : 11.06.2026

महाविद्यालय में स्थायी आधार पर अ-शिक्षण कर्मचारी समूह के विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए योग्य अभ्यर्थियों से वेब लिंक **https://rec.uod.ac.in** तथा **https://dunt.uod.ac.in** पर निर्धारित आवेदन प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 01 जुलाई, 2026 अथवा रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर, जो भी बाद में हो, है।

कोई भी अनुशेष/शुद्धिपत्र केवल महाविद्यालय की वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जाएगा।

प्राचार्य

रिक्तियों की संख्या, योग्यता, अनुभव, आदि से संबंधित विवरण विज्ञापन के साथ महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आवेदकों को फॉर्म भरने से पहले इन विवरणों को पढ़ने की आवश्यकता है।

**दि न्यू इंडिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड**
**THE NEW INDIA ASSURANCE CO. LTD.**
Regd. & Head Office: 87, M.G. Road, Fort, Mumbai-400001.
CIN No: L66000MH1919GO1000526 | IRDA Registration No: 190

**550 प्रशिक्षुओं (अप्रेंटिस) की प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति**

भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी साधारण बीमा कंपनी दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी ओपेन मार्केट से अप्रेंटिस एक्ट 1961 (समय समय पर संशोधित) के तहत 550 प्रशिक्षुओं (अप्रेंटिस) की प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करती है।

**आवेदन की विधि** :- उम्मीदवारों को 23.06.2026 से 06.07.2026 (दोनों दिन शामिल) के दौरान सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करना है। किसी अन्य प्रकार / विधि से किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

**आयु:** (01.06.2026 तक)

**न्यूनतम आयु 21 वर्ष** : अधिकतम आयु 30 वर्ष

शैक्षणिक योग्यता (01.06.2026 तक)

किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / या उसके समकक्ष से स्नातक । उम्मीदवार द्वारा आवेदन किए गए राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश की क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान आवश्यक है।

**भत्ता (स्टायपेंड)** : रु० 12,300/- प्रति माह

**प्रशिक्षण की अवधि:** । वर्ष

यह नोटिस केवल सूचनार्थ है। राज्य / केंद्र शासित प्रदेश व श्रेणीवार, राज्य वार पदों एवं ऑनलाइन आवेदन एवं सम्पूर्ण विज्ञापन हेतु कृपया हमारी कंपनी की वेबसाइट http://www.newindia.co.in के 'Information and Help section' and https://bfsissc.com पर संपर्क करें ।

MUMBAI

**ONGC ओएनजीसी ONGC**
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 5ए-5बी, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंतकुंज, नई दिल्ली-110070
CIN: L74899DL1993GOI054155 | वेबसाइट: www.ongcindia.com | ईमेल: secretariat@ongc.co.in

**शेयर सर्टिफिकेट खोने की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित शेयरधारक(कों) के इक्विटी शेयर सर्टिफिकेट (सर्टिफिकेट्स) खोने/गुम हो जाने की सूचना प्राप्त हुई है और उन्होंने डुप्लीकेट शेयर सर्टिफिकेट (सर्टिफिकेट्स) जारी करने हेतु आवेदन किया है:-

| शेयर धारक का नाम | फोलियो नंबर | शेयरों की संख्या | शेयर सर्टिफिकेट नं. | विशिष्ट संख्या |
|---|---|---|---|---|
| बी आर कुमार | 4622 | 1650 | 1303 | 354565-356214 |
| | | 1650 | 476464 | 4278099625-4278101274 |
| | | 1650 | 963431 | 8555681071-8555682720 |
| | | 4950 | | |

उक्त सर्टिफिकेट्स के संबंध में यदि किसी व्यक्ति का कोई दावा हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर आवश्यक सहायक दस्तावेजों सहित अपना दावा कंपनी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता/सकती है। इसके पश्चात कंपनी द्वारा किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, सर्वसाधारण को चेतावनी दी जाती है कि उपर्युक्त शेयर सर्टिफिकेट (सर्टिफिकेट्स) की खरीद-फरोख्त अथवा उनसे संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन नहीं करें। यदि कोई व्यक्ति उक्त शेयर सर्टिफिकेट (सर्टिफिकेट्स) के संबंध में किसी प्रकार का लेन-देन करता है, तो उससे उत्पन्न होने वाले सभी खर्चों एवं परिणामों का जोखिम पूर्णतः उसी व्यक्ति का होगा। ऐसे किसी भी लेन-देन के लिए कंपनी किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगी।

कृते ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
हस्ता/-
(शशि भूषण सिंह)
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

नई दिल्ली
15.06.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सामान्य जनता, आवंटियों एवं रियल एस्टेट परियोजना "एसएस सेंडाना तथा एसएस किआवासा", सेक्टर-83, के हितधारकों के संज्ञानार्थ, जिसका विकास मेसर्स ए एंड डी एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है।

1. यह सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना के प्रवर्तक ने बैंक खातों में परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः सामान्य जनता, आवंटियों, हितधारकों तथा संबंधित प्राधिकरणों को इस संबंध में अवगत कराया जाता है।
2. उपरोक्त परियोजना हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (हरेरा), गुरुग्राम में पंजीकरण संख्या 77/2023, दिनांक 17.07.2023 के अंतर्गत पंजीकृत है तथा इसका पंजीकरण 31.03.2029 तक वैध है।
3. वर्तमान बैंक खातों एवं प्रस्तावित नए बैंक खातों का विवरण निम्नानुसार है:

| विवरण | वर्तमान बैंक खाते | नए बैंक खाते |
|---|---|---|
| बैंक का नाम | कोटक महिंद्रा बैंक | एक्सिस बैंक लिमिटेड |
| शाखा का पता | दुकान संख्या 4, बी-ब्लॉक, विपुल ऑर्किड स्क्वायर, सुशांत लोक फेज-1, गुरुग्राम-1 | एम-ब्लॉक, जैकरांडा मार्ग, डीएलएफ स्क्वायर, डीएलएफ सिटी फेज-II, डीएलएफ क्यू.ई. एस.ओ., गुरुग्राम - 122002 |
| आईएफएससी कोड | KKBK0000291 | UTIB0005152 |
| मास्टर खाता | 9047209742 | 926020021490689 |
| रेरा खाता | 9047209773 | 926020021469371 |
| मुक्त खाता | 9047209759 | 926020021469397 |

4. प्रवर्तक द्वारा नामित बैंक खातों में परिवर्तन के लिए प्राधिकरण के समक्ष अनुरोध प्रस्तुत किया गया है, जो वर्तमान में विचाराधीन है।
5. यह सूचना केवल जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से उपरोक्त परियोजना के संबंध में सामान्य जनता, आवंटियों एवं हितधारकों हेतु जारी की जा रही है।

हस्ताक्षरित/-
सचिव
हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (हरेरा), गुरुग्राम

दिनांक: 16.06.2026

**नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
NHSRCL

रिक्ति सूचना

**भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का हिस्सा बनने का अवसर**

एनएचएसआरसीएल, रेल मंत्रालय और प्रतिभागी राज्य सरकारों की एक संयुक्त क्षेत्र कंपनी है जिसे मुंबई-अहमदाबाद के बीच पहले हाई-स्पीड कॉरीडोर बनाने का काम सौंपा गया है।

**आवेदन आमंत्रित हैं**

**209 गैर-कार्यकारी पद**

सिविल, ट्रैक, इलेक्ट्रिकल, एस एंड टी, रोलिंग स्टॉक, ऑपरेशंस, एएफसी सिस्टम्स एवं सेफ्टी क्षेत्रों में भारतीय रेल/सरकारी स्वामित्व वाली अथवा संचालित रेल प्रणालियों/मेट्रो रेल/आरआरटीएस के ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस विभागों में कार्यरत नियमित/संविदा कर्मचारियों से कंपनी में **एब्जॉर्प्शन के आधार पर** शामिल होने हेतु।

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | **14.07.2026**

**15 कार्यकारी पद - सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं सेफ्टी क्षेत्र में**

केंद्रीय पीएसयू, एसपीवी, मेट्रो रेल, रेल मंत्रालय तथा सरकारी विभागों में कार्यरत नियमित/संविदा अधिकारियों एवं प्रबंधकों से कंपनी में **एब्जॉर्प्शन के आधार पर** शामिल होने हेतु।

अधिक जानकारी के लिए **स्कैन करें**

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | **09.07.2026**

रिक्तियों का विवरण आधिकारिक वेबसाइट **www.nhsrcl.in** पर देखा जा सकता है। | इस संबंध में कोई भी परिशिष्ट अथवा अतिरिक्त सूचना (यदि कोई हो) केवल NHSRCL की आधिकारिक वेबसाइट पर ही जारी की जाएगी।

धोखेबाजों से सावधान रहें: सभी रिक्ति सूचनाएं केवल एनएचएसआरसीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाती हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में चली धूल भरी आंधी, कई जगह हुई बारिश

## पालम में हवा की रफ्तार 92 किमी प्रतिघंटा दर्ज की गई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जून।

दिल्ली-एनसीआर में सोमवार दोपहर मौसम अचानक बदल गया। शहर के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी चली और कई जगहों पर सुबह और दोपहर बाद बारिश हुई।

जिसके बाद भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने और बारिश के लिए लाल चेतावनी जारी किया। आइएमडी के अनुसार, दिल्ली में धूल भरी आंधी के बाद हल्की से मध्यम बारिश, बिजली कड़कने और 70-90 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। पालम में अपराह्न ढाई बजे हवा की रफ्तार 50 नाट (92 किमी/घंटा) दर्ज की गई। जिससे सड़कों पर धुंध सी छा गई थी। धूलभरी आंधी के कारण सड़कों पर दृश्यता काफी कम हो गई। जिसके कारण लोगों को गाड़ियां चलाने में दिक्कतें आई। दोपहर करीब तीन बजे धूलभरी तेज आंधी और तूफानी हवाओं के बीच सड़कों पर लोग गाड़ियों की बत्ती जलाकर चल रहे थे।

शहर के कई हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश, बिजली कड़कने और 60-70 किमी/घंटा (जो 80 किमी/घंटा तक पहुंच सकती है) की तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों ने अचानक आए इस बदलाव की वजह पश्चिमी विक्षोभ को बताया है जो हिमालयी क्षेत्र पर असर डाल रहा है। उन्होंने कहा कि मंगलवार से इसका असर कम होने की संभावना है, जिसके बाद तापमान में फिर से बढ़ोतरी हो सकती है। शहर में सुबह के समय भी हल्की बारिश हुई। आइएमडी के अनुसार, दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

*मौसम* विभाग ने गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने और बारिश के लिए लाल चेतावनी जारी किया। आइएमडी के अनुसार, दिल्ली में धूल भरी आंधी के बाद हल्की से मध्यम बारिश, बिजली कड़कने और 70-90 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

### दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा

# जिनके पास रहने का ठिकाना नहीं, उनकी झुग्गियों को न तोड़ें

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जून।

दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को निर्देश दिया कि अधिकारी रेस कोर्स इलाके की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले उन लोगों की झुग्गियों को एक जुलाई तक नहीं तोड़ सकते, जिन्होंने वैकल्पिक आवास स्वीकार नहीं किया है और कहीं और रहने नहीं गए हैं।

न्यायमूर्ति तेजस करिया और न्यायाधीश मधु जैन की अवकाश पीठ ने मौखिक रूप से कहा,' अगर वे स्वेच्छा नहीं गए हैं, तो आप एक जुलाई तक उन्हें हाथ नहीं लगा सकते।' यह टिप्पणी पीठ ने भाई राम कैंप, डीआइडी कैंप और मस्जिद कैंप के कुछ निवासियों की अपील पर सुनवाई करते हुए की। इन निवासियों ने एकल पीठ के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें उस इलाके से हटाने में दखल देने से इनकार कर दिया गया था। इसी इलाके में प्रधानमंत्री का सरकारी आवास भी है। अपीलकर्ताओं के वकील ने मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए कहा कि मामला विचाराधीन रहने के बावजूद अधिकारियों ने रविवार को इलाके में तोड़-फोड़ की कार्रवाई की थी, जिसके बाद इस अपील को अवकाशकालीन पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया।

अधिवक्ता ने दलील दी कि हाई कोर्ट और अधिकारियों के बीच इस बात पर सहमति थी कि अपील लंबित रहने के दौरान कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी, खासकर इसलिए क्योंकि पुनर्वास के मुद्दे पर विचार किया जा रहा था। केंद्र की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने हालांकि रेखांकित किया कि तोड़-फोड़ की कार्रवाई इस मामले में उच्च न्यायालय के हालिया आदेश के मुताबिक थी और पिछली सुनवाई में अदालत ने सख्त कार्रवाई पर रोक लगाने को लेकर विशेष आदेश देने का अनुरोध ठुकरा दिया था।

## खबर कोना

### जयपुर पोलो ग्राउंड मामले में यथास्थिति बनाए रखने की याचिका अदालत ने खारिज की

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जून।

दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को एक याचिका खारिज कर दी, जिसमें रेस कोर्स क्षेत्र में स्थित जयपुर पोलो ग्राउंड पर केंद्र सरकार के नियंत्रण की प्रक्रिया के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति तेजस करिया की अवकाशकालीन पीठ ने हालांकि यहां की एक सत्र अदालत को बेदखली आदेश के खिलाफ भारतीय पोलो एसोसिएशन (आइपीए) की अपील और अंतरिम रोक की अर्जी पर गुण-दोष के आधार पर फैसला करने को कहा। एसोसिएशन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि सत्र अदालत इस मामले पर 17 जून को सुनवाई करने वाली है और तब तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया जाए। यदि वे मैदान की खुदाई शुरू कर देंगे, तो वर्षों की मेहनत बर्बाद हो जाएगी। इस पर न्यायमूर्ति करिया ने कहा, 'नहीं। हम मामले के गुण-दोष पर फैसला नहीं कर सकते।

### डीयू : मिरांडा हाउस में होगा सीयूईटी-यूजी पर खुला सत्र

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जून।

दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कालेज ने सीयूईटी-यूजी के उम्मीदवारों लिए खुले सत्र का आयोजन करने की घोषणा की है। 12वीं पास करने वाली छात्राएं यहां आ सकती हैं। सीयूईटी-यूजी के उम्मीदवार के तौर पर वें मिरांडा कालेज में आकर बातचीत कर सकती हैं, जानकारी ले सकतीं है। इस पहल का उद्देश्य उम्मीदवारों को कालेज के शैक्षणिक माहौल के बारे में जानकारी देना है। 17 से 19 जून और 22 जून को होने वाले इन सत्रों में होने वाले छात्रों और उनके परिवारों को प्रधानाचार्य, शिक्षकों, वहां की छात्राओं और पूर्व छात्राओं से बातचीत करने और कालेज के शैक्षणिक सत्र समेत अन्य गतिविधियों की जानकारी लेने का मौका मिलेगा। मिरांडा हाउस की प्राचार्य बिजयालक्ष्मी नंदा ने कहा कि ओपन हाउस से छात्राओं और उनके माता-पिता को संस्थान चुनने में मदद मिलेगी।

### पत्नी के आत्महत्या करने के एक दिन बाद पति ने भी दी जान

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 15 जून।

सूरजपुर कस्बे में पत्नी की आत्महत्या के एक दिन बाद सोमवार सुबह पति ने भी फंदा लगाकर जान दे दी। युवक की पहचान 21 वर्षीय सौरभ निवासी जनपद मेरठ के रूप में हुई है। सौरभ आटो चलाता था और सूरजपुर कस्बे की गुरुद्वारा वाली गली में किराए के मकान में रहता था। सौरभ की पत्नी ने गत शनिवार को थाना नालेज पार्क क्षेत्र स्थित एक कालेज के छात्रावास की तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद से सौरभ तनाव में था। सोमवार सुबह उसका शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची थाना सूरजपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दोनों ने आठ माह पहले प्रेम विवाह किया था। महिला के आत्महत्या से पहले दोनों के बीच वाट्सएप पर संदेश आने को लेकर विवाद हुआ था। महिला की आत्महत्या के मामले में परिजनों ने सौरभ के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए थाना नालेज पार्क में तहरीर दी थी।

# 'सेवा पर्व' तक 70 लाख पौधे लगाएगी दिल्ली सरकार : मुख्यमंत्री

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जून।

दिल्ली सरकार 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत राजधानी के विभिन्न हिस्सों में 'सेवा पर्व' तक 70 लाख पौधे लगाने के लिए 'वृहद पौधारोपण अभियान 2026' अगले हफ्ते शुरू करेगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में इसकी तैयारियों को लेकर आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

*अभियान* के पहले चरण की शुरुआत डिजिटल माध्यम से 22 जून को की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के पहले चरण की शुरुआत डिजिटल माध्यम से 22 जून को की जाएगी और इस अवसर पर 'ई-फारेस्ट ग्रीन ड्राइव' पोर्टल और अभियान के आधिकारिक वीडियो को भी जारी किया जाएगा। बयान के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस अभियान की शुरुआत कर सकते हैं। बैठक में अभियान की रूपरेखा, जन-भागीदारी, डिजिटल प्लेटफार्म, पौधारोपण लक्ष्यों और विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा व विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बयान में कहा गया है कि 22 जून से चार जुलाई तक व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक और सामुदायिक समूहों के साथ संवाद स्थापित कर अभियान की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी ताकि अधिकतम नागरिक इस अभियान से जुड़ सकें।

मौसम — नोएडा में सोमवार को चली धूल भरी आंधी के कारण रिहायशी इलाकों में दृश्यता कम हो गई।

### ग्रेनो : एसी मिस्त्री हत्याकांड

# सोने के कड़ों के लालच में दोस्त ने की थी हत्या

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 15 जून।

कासना इलाके में एसी मिस्त्री हत्याकांड को अंजाम दोस्त ने सोने के कड़ों के लालच में दिया था। एसी मिस्त्री अपनी मां के सोने के कड़े चुराकर लाया था। इन्हीं कड़ों के लालच में दोस्त ने सुनसान जगह पर पहले उसे नशा कराया, फिर डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

*हत्या* में प्रयुक्त डंडा, तीन सोने के कड़े और मोटरसाइकिल बरामद।

थाना कासना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडा, तीन सोने के कड़े और मोटरसाइकिल बरामद की है। उसने शव को जलाने की भी कोशिश की थी। थाना कासना क्षेत्र के दौला राजपुरा निवासी हुजैफ का शव 12 मई को चीरसी नहर के पास मिला था। शव मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच पड़ताल में तीन टीमें लगाई गईं। इलेक्ट्रानिक साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से पुलिस आरोपी शहजाद तक पहुंची। डीसीपी ग्रेनो प्रवीण रंजन सिंह के मुताबिक, हुजैफ और शहजाद दोस्त थे और दोनों नशे के आदी थे। हुजैफ मोबाइल फोन खरीदने और एसी का काम बढ़ाने के लिए परिजनों से रुपए मांग रहा था। जब परिजनों ने रुपए देने से इनकार कर दिया, तो उसने अपनी मां के चार सोने के कड़े चोरी कर लिए।

हुजैफ ने यह बात अपने दोस्त शहजाद को भी बता दी। तभी से शहजाद की नजर कड़ों पर थी। वह उन्हें हथियाना चाह रहा था। पुलिस ने बताया कि वारदात वाले दिन शहजाद हुजैफ को मोटरसाइकिल पर बैठाकर सुनसान इलाके में ले गया। वहां दोनों ने नशा किया। इसके बाद मौका देखकर शहजाद ने डंडे से उसके सिर और शरीर पर कई वार किए।

# आज से नोएडा से आनंद विहार रेलवे स्टेशन तक चलेंगी ई-बसें

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 15 जून।

दिल्ली-एनसीआर के यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए नोएडा प्राधिकरण मंगलवार से नोएडा और दिल्ली के बीच एक नए रूट पर ई-बस सेवा शुरू करने जा रहा है।

यह बसें नोएडा से रवाना होकर अक्षरधाम मंदिर होते हुए आनंद विहार स्टेशन तक जाएंगी। नए रूट के शुरू होने से अब कुल पांच रूटों पर हर 15 मिनट के अंतराल में यात्रियों को ई-बसें उपलब्ध होंगी। दूसरी ओर, जेवर हवाई अड्डे से उड़ान सेवा शुरू होने के पहले दिन यात्रियों को ई-बसों की कमी का सामना करना पड़ा। लोग निजी बसों पर निर्भर नजर आए। नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि 12 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ई-बसों के संचालन के लिए हरी झंडी दिखाई थी। सोमवार से सौ इलेक्ट्रिक और 10 डबल डेकर बसें चलनी शुरू हो गई हैं। सोमवार को नोएडा से दिल्ली के बीच भी बसें चलाने का निर्णय लिया गया। लोगों को 15-15 मिनट के अंतराल में निर्धारित रूटों पर बसें मिला करेंगी। इन बसों का 20, 30 और 50 रुपए किराया निर्धारित किया गया है। सभी बसें सुबह पांच बजे से रात दस बजे तक चला करेंगी। इनमें 'रियल टाइम लोकेशन ट्रैकिंग' की सुविधा भी मिलेगी। बसों का संचालन यूपी रोडवेज की ओर से किया जा रहा है।

*नए* रूट के शुरू होने से अब कुल पांच रूटों पर हर 15 मिनट के अंतराल में यात्रियों को ई-बसें उपलब्ध होंगी।

*इन मार्गों पर चलेंगी बसें*

*रूट संख्या-1* : सेक्टर-38ए बाटनिकल गार्डन से गोल्फ कोर्स, सिटी सेंटर, होशियारपुर, से-51, पर्थला गोलचक्कर, गौर चौक, ग्रेटर नोएडा एक मूर्ति गोलचक्कर, सूरजपुर कलेक्ट्रेट, परी चौक।

*रूट संख्या-2* : सेक्टर-38ए बाटनिकल गार्डन से सेक्टर-44, छलेरा, एमिटी स्कूल, नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे, परी चौक, गलगोटिया विश्वविद्यालय, दनकौर, रबुपुरा, जेवर हवाई अड्डा।

*रूट संख्या -3* : सेक्टर-38ए बाटनिकल गार्डन से सेक्टर-37 अंडरपास, छलेरा, आगाहपुर, बरौला, सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-75 नार्थ आइ चौक, सेक्टर-116, सेक्टर-78 सैमसंग, फेज टू, फूलमंडी, कुलेसरा, सूरजपुर।

*रूट संख्या -4* : सेक्टर-38ए बाटनिकल गार्डन से गोल्फ कोर्स, सिटी सेंटर, से-52, सेक्टर-61 सांईं मंदिर, से-61, से-62 प्रताप विहार गाजियाबाद, आरआरटीएस स्टेशन गाजियाबाद।

*रूट संख्या -5* : सेक्टर-38ए बाटनिकल गार्डन से से-16, से-14ए नोएडा प्रवेश द्वार, अक्षरधाम मंदिर, कौशाम्बी, आनंद विहार रेलवे स्टेशन।

# 'अमेरिका से हर अपमान का बदला लेगा भारत'

नई दिल्ली,15 जून ( संवाददाता)।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अमेरिकी हमले में तीन भारतीयों की मौत पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से दो टूक कहा कि जल्द ही भारत में एक मजबूत प्रधानमंत्री होगा, जो अमेरिका से हर अपमान और हत्या का बदला लेगा। उन्होंने कहा ट्रंप एक कायर और बेरहम हैं।

साथ ही आरोप लगाया कि अमेरिकी हमले में भारतीयों की हत्या के बाद भी ट्रंप के साथ काम करने के लिए प्रधानमंत्री उत्सुक हैं। लेकिन ट्रंप ये गलहफहमी छोड़ दें कि हमारे प्रधानमंत्री कमजोर और चुप हैं, तो 140 करोड़ भारतीय भी कमजोर हैं और चुप रहेंगे। अरविंद केजरीवाल ने डोनाल्ड ट्रंप से एक्स पर कहा कि जिन भारतीयों की जान गई है, उसके लिए आपको जवाबदेह ठहराया जाएगा।

# युवती की आत्महत्या के प्रयास मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 15 जून।

सेक्टर-62 स्थित एक कंपनी में काम करने के दौरान दोस्त बने तीन युवकों की प्रताड़ना से परेशान होकर बरेली में युवती द्वारा रेलवे पुल से कूदकर आत्महत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

*नोएडा* के सेक्टर-62 स्थित एक काल सेंटर में नौकरी कर रही थी युवती।

आरोपियों की पहचान आयुष शर्मा, सौरभ और अभिनव उपाध्याय के रूप में हुई है। सौरभ और अभिनव सगे भाई हैं। पुलिस ने तीनों को सेक्टर-57 सर्विस मार्ग से गिरफ्तार किया। मूलरूप से जनपद बदायूं निवासी युवती के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी एमबीए अंतिम वर्ष की छात्रा है। वह पिछले चार महीने से नोएडा के सेक्टर-62 स्थित एक काल सेंटर में नौकरी कर रही थी। इसी कंपनी में जनपद हाथरस निवासी आयुष शर्मा भी काम करता था। नौकरी के दौरान आयुष और उसके दोस्त सौरभ व अभिनव की युवती से दोस्ती हो गई। आयुष और युवती के बीच इंस्टाग्राम पर भी बातचीत होने लगी। पीड़ित पिता का आरोप है कि इन तीनों युवकों ने उनकी बेटी को अपने जाल में फंसा लिया। आयुष ने उसके साथ यौन शोषण करने का प्रयास किया।

**शुभारंभ** — हवाई अड्डे के लिए जमीन देने वाले किसानों ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानें शुरू

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 15 जून।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार से व्यापारिक उड़ान परिचालन शुरू हो गया जिसके तहत लखनऊ से इंडिगो की पहली उड़ान यहां पहुंची। इसके कुछ ही देर बाद सुबह 8:10 बजे हवाई अड्डे से लखनऊ के लिए पहली उड़ान भी रवाना हुई। इस विमान में जेवर क्षेत्र के 170 ग्रामीण सवार थे, जिनकी जमीन हवाई अड्डे के पहले चरण के विकास के लिए राज्य सरकार ने अधिग्रहीत की थी। इन किसानों ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने फीता काटकर और 'फ्लैग आफ' कर हवाई अड्डे से उड़ान सेवाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रारंभ होने से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तर भारत के अन्य क्षेत्रों में हवाई संपर्क को नई मजबूती मिलेगी। यह हवाई अड्डा व्यापार, पर्यटन, रोजगार एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रारंभिक चरण में घरेलू उड़ानों का संचालन किया जा रहा है। आने वाले दिनों में यहां से अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं भी शुरू की जाएंगी। सोमवार को इंडिगो की उड़ान 6ई-2278 लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सुबह सात बजकर 12 मिनट पर रवाना हुई और सात बजकर 58 मिनट पर नोएडा हवाई अड्डे पर उतरी। वहीं, हवाई अड्डे से बुधवार को पहली कार्गो उड़ान शुरू होगी।

*किसानों ने चप्पल में किया हवाई सफर*

जमीन देने वाले किसानों ने सोमवार को पहले दिन हवाई चप्पल में हवाई जहाज के सफर का अनुभव किया। 28 महिलाओं समेत 170 किसानों ने विमान से लखनऊ तक यात्रा की। किसानों ने पहली बार विमान में सफर किया और इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया। जिस परियोजना के लिए उन्होंने अपनी भूमि दी थी, उसी हवाई अड्डे से उड़ान भरना उनके लिए गर्व का क्षण रहा। वहीं, मुख्यमंत्री ने भी किसानों को उपहार देकर सम्मानित किया। किसानों की उड़ान शाम करीब 5 :20 बजे वापस जेवर हवाई अड्डे पहुंची।

# उड़ान शुरू होते ही हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था की गई चाक-चौबंद

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 15 जून।

उड़ान सेवा शुरू होने के साथ ही जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। सोमवार को प्रवेश द्वार से विभिन्न जगहों पर पुलिस और सीआइएसएफ के जवानों का पहरा रहा। वहीं, हवाई अड्डे का 'डोमेस्टिक टर्मिनल' थाना भी क्रियाशील हो गया है। जहां 130 प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

हवाई अड्डे की सुरक्षा के लिए सीआइएसएफ के कुल 1031 सुरक्षाकर्मी यहां मौजूद हैं। सोमवार से उड़ान सेवा शुरू होने के बाद प्रवेश एवं निकास द्वार पर तीन पालियों में 24 घंटे जांच शुरू कर दी गई है। प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाने को 'माइल स्टोन-32' के अलावा कार्गो और 'डोमेस्टिक टर्मिनल' चौकियां बनाई गई है। हवाई अड्डे की आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा के लिए कई स्थानों पर पीसीआर वाहन नियमित सशस्त्र गश्त करने लगे हैं। टर्मिनल के भीतर सहायता डेस्क स्थापित की गई है। जहां महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मी सादे कपड़ों में तैनात रहकर यात्रियों की सहायता कर रहे हैं। हवाई अड्डा परिसर के पार्किंग क्षेत्र में पुलिस नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां सीसीटीवी कैमरों के जरिए पार्किंग, प्रवेश द्वारों एवं आवागमन मार्गों की निगरानी की जा रही है।

SABSE BADI **DEALS,** SABSE BADA FAAYDA!

SAVE MORE SPEND LESS!

JOIN INDIA'S MOST TRUSTED

# Loot Blink DEALS CHANNEL

100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED

SAB PE BADI BACHAT!

UP TO **90%** DISCOUNT DEALS

**BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK**

LIMITED STOCK

JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI **LOOT DEALS!**

boat Airdopes 141
TWS Earbuds

~~₹2,990~~
₹249

92% OFF

YOU SAVE ₹2,741

Noise Pulse 2
Smart Watch

~~₹4,999~~
₹349

93% OFF

YOU SAVE ₹4,650

iPhone 13
128GB

~~₹59,900~~
₹5,399

91% OFF

YOU SAVE ₹54,501

SAMSUNG
32" HD
Smart TV

89% OFF

YOU SAVE ₹25,800

realme
Narzo N55
(6GB+128GB)

~~₹13,999~~
₹799

94% OFF

YOU SAVE ₹13,200

ASUS
Vivobook 15
(i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD)

90% OFF

YOU SAVE ₹40,491

GREEN SOUL
Office Chair
Ergonomic

~~₹14,999~~
₹1,499

92% OFF

YOU SAVE ₹17,500

SAMSUNG
980 500GB
NVMe SSD

~~₹6,999~~

91% OFF

YOU SAVE ₹6,400

WILDCRAFT
Backpack

~~₹1,999~~
₹149

93% OFF

YOU SAVE ₹1,850

PHILIPS
Trimmer
Series 3000

~~₹1,995~~
₹199

90% OFF

YOU SAVE ₹1,796

AGARO
Air Fryer 4.5L

~~₹6,999~~
₹699

90% OFF

YOU SAVE ₹6,300

PUMA
Men's Running Shoes

~~₹3,999~~

91% OFF

YOU SAVE ₹3,650

ZEBRONICS
Study Headphones
with Mic

~~₹1,499~~
₹169

89% OFF

YOU SAVE ₹1,330

PORTABLE
Laptop Table
Foldable

~~₹1,299~~
₹129

90% OFF

YOU SAVE ₹1,170

boAt
Stone 650
Bluetooth Speaker

~~₹3,999~~
₹199

95% OFF

YOU SAVE ₹3,800

UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS | PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW | 100% GENUINE PRODUCTS | FAST DELIVERY ACROSS INDIA

**DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!**

**ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!**

JOIN OUR **WHATSAPP CHANNEL**

- Instant Deal Alerts
- Exclusive Offers
- Limited Stock Updates

CLICK HERE

JOIN OUR **TELEGRAM CHANNEL**

- Latest Deals & Offers
- Price Drops Alerts
- Limited Time Offers

CLICK HERE

SAVE TIME SHOP SMART | SAVE MONEY LIVE BETTER | SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!

JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.

## MARUTI SUZUKI
## मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड

CIN: L34103DL1981PLC011375
पंजी. कार्या.: प्लॉट नं. 1, नेल्सन मंडेला रोड, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070
फोन: +91 (11) 46781000, www.marutisuzuki.com, investor@maruti.co.in

**सूचना**

**(मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के भौतिक शेयरों के हस्तांतरण और डीमटेरियलाइजेशन के लिए विशेष विंडो)**

सेबी के परिपत्र सं. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 तारीख 30 जनवरी 2026 के अनुसार, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ('कंपनी') के शेयरधारकों को यह बताया जाता है कि 5 फरवरी 2026 से 4 फरवरी 2027 तक, एक साल के लिए एक और विशेष विंडो खोली गई है। इससे कंपनी की उन भौतिक शेयरों का हस्तांतरण और डीमटेरियलाइजेशन किया जा सकेगा, जो 1 अप्रैल 2019 से पहले बेचे/खरीदे गए थे।

यह विंडो 1 अप्रैल 2019 से पहले किए गए हस्तांतरण विलेख के लिए भी खुली रहेगी जो दर्ज नहीं किए गए/दर्ज किए गए लेकिन दस्तावेज/प्रक्रिया में कमी या किसी और वजह से अस्वीकार कर दिए गए/वापस कर दिए गए/उन पर कार्यवाही नहीं हो पाई। इस तरह हस्तांतरण किए गए शेयरों को सिर्फ डीमैट मोड में हस्तांतरिती को जारी करना जरूरी होगा और ये हस्तांतरण के रजिस्ट्रेशन की तारीख से एक साल के लिए लॉक-इन रहेंगे। ऐसे शेयरों को बताए गए लॉक-इन अवधि के दौरान हस्तांतरण/ग्रहणाधिकार-विक्रिति/गिरवी नहीं किया जाएगा।

कंपनी के शेयरधारक जो पूर्व समय सीमा से चूक गए हैं उन्हें कंपनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट अर्थात् कैफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर-बी, प्लॉट नं. 31 एवं 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, रंगारेड्डी, हैदराबाद–500032, तेलंगाना, भारत में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करके इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ऊपर बताया गया परिपत्र कंपनी की वेबसाइट https://marutistoragenew.blob.core.windows.net/msilintiwebpdf/Sebi_Circular_30012026.pdf पर उपलब्ध है।

मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के लिये
संजीव गोयर
कार्यकारी अधिकारी एवम् कंपनी सचिव

नई दिल्ली
15 जून 2026

---

**प्रारूप संख्या यूआरसी-2**

अधिनियम के अध्याय XXI के भाग I के अधीन पंजीकरण के बारे में सूचना देने का विज्ञापन

**(कंपनीज अधिनियम, 2013 की धारा 374(बी) और (कंपनी पंजीकृत करने के लिए आधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसरण में)**

1. इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उपधारा (2) के अनुसरण में हरियाणा के रजिस्ट्रार को आवेदन किया गया है कि **एयूडी इवेंट्स सॉल्यूशन एलएलपी** को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग I के अंतर्गत शेयरों द्वारा **लिमिटेड** कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जाए।
2. **कंपनी के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:**
- कॉर्पोरेट और सामाजिक कार्यक्रमों, जिनमें सम्मेलन, सेमिनार, उत्पाद लॉन्च और विवाह शामिल हैं, में विशेषज्ञता के साथ व्यापक कार्यक्रम नियोजन और प्रबंधन सेवाएं प्रदान करना।
3. प्रस्तावित कंपनी के मसौदा ज्ञापन और एसोसिएशन के लेखों की एक प्रति **901, टावर-5, यूनीटेक एस्केप, सेक्टर 50, गुरुग्राम, हरियाणा-122018** स्थित कार्यालय में देखी जा सकती है।
4. इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस आवेदन पर आपत्ति करने वाला कोई भी व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **21 (इक्कीस) दिनों** के भीतर **कंपनी रजिस्ट्रार, कॉर्पोरेट भवन, प्लॉट संख्या 4बी, सेक्टर 27-बी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़-160019** स्थित रजिस्ट्रार को लिखित में अपनी आपत्ति भेज सकता है, जिसकी एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को भी भेजी जानी चाहिए।

दिनांक 16 जून 2026

एयूडी इवेंट्स सॉल्यूशन एलएलपी के लिए
उज्जवल डावर
नामित भागीदार

---

**फार्म संख्या आईएनसी-26**

*[कम्पनीज (निगमन) नियमन, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]*

केन्द्रीय सरकार के समक्ष, द्वारा

क्षेत्रीय निदेशक - उत्तरी क्षेत्र

कम्पनीज अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) कम्पनीज अधिनियम, 2013 एवं कम्पनीज (निगमन) नियमन, 2014 के नियम 30(6) (a) के मामले में

एवं

मैसर्स आरदा एज्यूकेशन, जिसका पंजीकृत कार्यालय **124, प्रथम मंजिल, मंजिल, हंस भवन, बहादुर शाह जफर मार्ग, सेन्ट्रल दिल्ली, नई दिल्ली - 110001** में स्थित है, के मामले में .....याचिकाकर्त्ता

कम्पनीज अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचना प्रदान की जाती है कि कम्पनी की वीरवार, 14 मई, 2026 को सम्पन्न असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प मे कम्पनी मैमोरन्डम ऑफ एसोसियेसन में बदलाव करते हुए केन्द्रीय सरकार से पुष्टीकरण हेतु एक आवेदन के प्रस्ताव की इच्छा रखती है, ताकि कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ऑफ दिल्ली"** से **"असम राज्य"** में " में स्थांनातरित किया जा सके।

किसी भी व्यक्ति, जिसका कम्पनी के इस प्रस्तावित पंजीकृत कार्यालय के बदलाव से हित प्रभावित होने की संभावना हो, वह अपने हित की प्रकृति और विरोध के कारणों के स्वभाव को बताते हुए शपथपत्र समर्थित एक प्रति के साथ **क्षेत्रीय निदेशक - उत्तरी क्षेत्र के पते बी-2 विंग, द्वितीय मंजिल, पर्यावरण भवन, सीजीओ काम्पलैक्स, नई दिल्ली- 110003** को इस सूचना प्रकाशन के चौदह दिनों के भीतर प्रस्तुत करे और साथ में उसकी एक प्रतिलिपि आवेदक कम्पनी के निम्न वर्णित पंजीकृत कार्यालय को भी प्रेषित करें:

**मैसर्स आरदा एज्यूकेशन की ओर से उनके लिए**
**मनोज आनन्द (निदेशक)**
**DIN: 07342646**
**124, प्रथम मंजिल, मंजिल, हंस भवन, बहादुर शाह जफर मार्ग, सेन्ट्रल दिल्ली, नई दिल्ली - 110001**

तिथि : 15.06.2026
स्थान : नई दिल्ली

---

## DCM LIMITED

पंजी. कार्यालय: यूनिट नं0. 2050 से 2052, दूसरा तल, प्लाजा-2, सैंट्रल स्क्वायर, 20, मनोहर लाल खुराना मार्ग, बारा हिंदू राव, दिल्ली-110006
CIN: L74899DL1889PLC000004, फोन नं0: 011-41539170
वेबसाइट: www.dcm.in, ईमेल आईडी: investors@dcm.in

**डाक मतपत्र सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 108, 110 एवं अन्य लागू प्रावधान, यदि कोई हो के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 ('नियम') के नियम 20 एवं 22, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ('सेबी सूचीकरण विनियम') के विनियम 44, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी किया गया आम बैठकों पर सचिवीय मानक-2 ('एसएस-2'), समय-समय पर प्रत्येक यथासंशोधित और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (एमसीए) द्वारा जारी किए गये परिपत्रों यथा सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, सामान्य परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, और इस संबंध में जारी किए गए बाद के परिपत्र, जिनमें सबसे नया सामान्य परिपत्र सं. 03/2025 दिनांक 22 सितम्बर, 2025 (संयुक्त रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में संदर्भित) के तहत नीचे बताए गए विशेष व्यवसाय के लिए आपकी मंजूरी लेने हेतु केवल रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया ('ई-वोटिंग') के जरिए डाक मतपत्र से मतदान कराई जाएगी।

| क्र. सं. | विशेष व्यवसाय का विवरण |
|---|---|
| 1 | मेजर जनरल शैलेंद्र सिंह, एसएम (रिटायर्ड) (DIN: 11707781) को पांच (5) साल के कार्यकाल के लिए गैर-कार्यकारी और स्वतंत्र निदेशक के तौर पर नियुक्त करना। |

अधिनियम, एमसीए परिपत्रों और सेबी सूचीकरण विनियम के प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी ने **सोमवार, 15 जून, 2026** को उन सदस्यों को ई-मेल के माध्यम से सूचना भेजने का काम पूरा कर लिया है जिनका ई-मेल पता डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (इलेक्ट्रॉनिक शेयरधारिता के मामले में)/कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (भौतिक शेयरधारिता के मामले में) के साथ पंजीकृत है। ई-वोटिंग की प्रक्रिया पर विस्तृत प्रक्रिया/निर्देश सूचना में निर्दिष्ट है।

अन्य विवरण निम्नानुसार है:

1. मतदान अधिकारों की गणना और सूचना भेजने के प्रयोजन के लिए कट-ऑफ तिथि **शुक्रवार, 05 जून, 2026 ('कट-ऑफ तिथि')** है। जिन सदस्यों का नाम कट-ऑफ तिथि पर सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में दर्ज है, केवल वे ही रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे। एक व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि पर सदस्य नहीं है वह इस सूचना को केवल जानकारी के उद्देश्य से मानेगा।
2. कंपनी ने ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की सेवाएं ली हैं। ई-वोटिंग सुविधा मंगलवार, 16 जून, 2026 को प्रातः 9:00 बजे (आईएसटी) प्रारंभ होगी और बुधवार, 15 जुलाई, 2026 को शाम 5:00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। इसके बाद, ई-वोटिंग मॉड्यूल एनएसडीएल द्वारा अक्षम कर दिया जाएगा। एक बार जब सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डाल दिया जाता है तो उसे बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
3. ई-मेल पता पंजीकरण/अपडेट करने की प्रक्रिया:
- डीमैटीरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से अपने ईमेल पते और मोबाइल नंबर को संबंधित डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत करें; और
- भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य और जिन्होंने कंपनी या आरटीए के साथ ई-मेल पते सहित अपने केवाईसी विवरण पंजीकृत/अपडेट नहीं किए हैं, वे उक्त लिंक www.mcsregistrars.com से संबंधित फॉर्म डाउनलोड करके और उसे विधिवत भरकर अनुरोध पत्र के साथ भौतिक रूप से और फॉर्म में आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न करके एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, यूनिट: डीसीएम लिमिटेड, एफ-65, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, नई दिल्ली-110020 के पास भेजकर ऐसे विवरण पंजीकृत/अपडेट कर सकते हैं।
4. डाक मतपत्र के परिणाम अध्यक्ष या उनके द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा **शुक्रवार, 17 जुलाई, 2026 को शाम 05:00 बजे (आईएसटी)** तक या उससे पहले घोषित किए जाएंगे। पेशेवर कंपनी सचिव सुश्री प्रज्ञा पारिमिता प्रधान की संवीक्षक रिपोर्ट के साथ मतदान परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.dcm.in और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर प्रकाशित किये जाएंगे। परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों यथा बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी सूचित किये जाएंगे।
5. ई-वोटिंग सुविधा के संबंध में किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में सदस्यगण कृपया www.evoting.nsdl.com पर डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध सदस्यों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, डीवीपी (एनएसडीएल) को evoting@nsdl.com पर एक अनुरोध भेज सकते हैं या एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड, ए विंग, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, लोअर परेल, मुंबई-400013 को लिख सकते हैं या 022-4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं।

कृते डीसीएम लिमिटेड
हस्ता/-
सोनल गुप्ता
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 15 जून, 2026

---

## ECO HOTELS AND RESORTS LIMITED

**Registered Office:** 67/6446, Basin Road, Cochin, Ernakulam High Court, Ernakulam 682031, Kerala, India.
**Corporate Office:** Block No 4, Second Floor Raj Mahal Building, Veer Nariman Road, Churchgate, Mumbai, Maharashtra, India, 400020;
**Tel:** +91 22 44550546; **Email id:** investor.relations@ecohotels.in; **Website:** www.ehrlindia.in
**Contact Person:** Ms. Heena Supadia, Company Secretary & Compliance Officer

**CORRIGENDUM TO THE NOTICE FOR PAYMENT OF THIRD AND FINAL CALL DATED MAY 30, 2026 TO THE HOLDERS OF PARTLY PAID- UP EQUITY SHARES HELD AS ON RECORD DATE I.E., FRIDAY, MAY 29, 2026 AND ADVERTISMENT PUBLISHED ON JUNE 03, 2026**

The Eligible Shareholders are hereby informed that, due to technical reason, the Call Money Period for the Third and Final Call has been revised as follows:

**NOTICE TO THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF THE COMPANY**

| PARTICULARS | OLD DATE | REVISED DATE |
|---|---|---|
| THIRD AND FINAL CALL MONEY PAYMENT PERIOD FROM | MONDAY, JUNE 15, 2026 | TUESDAY, JUNE 16, 2026 |
| THIRD AND FINAL CALL MONEY PAYMENT PERIOD TO | MONDAY, JUNE 29, 2026 | TUESDAY, JUNE 30, 2026 |

Eligible Shareholders are requested to take note of the revised dates and ensure that payment of the Third and Final Call is made within the above-mentioned revised period. Except for the changes mentioned above, all other terms and conditions of the Third and Final Call Notice and Advertisement published on June 03, 2026 shall remain unchanged.
We regret any inconvenience caused due to this revision and appreciate your cooperation.
**All the correspondence in this regard may be addressed to:**

**Bigshare Services Private Limited**
Office No S6-2, 6th Floor, Pinnacle Business Park, Next to Ahura Centre, Mahakali Caves Road, Andheri (East) Mumbai- 400093.
**Tel No.:** +91 22-62638200. **Fax No.:** +91-22-62638299. **Website:** www.bigshareonline.com
**E-mail ID:** rightsissue@bigshareonline.com/ investor@bigshareonline.com
**Contact Person:** Mr. Prabhakar
**SEBI Registration No:** INR000001385

**For Eco Hotels and Resorts Limited**
**On Behalf of the Board of Directors**
**Sd/-**
**Vinod Kumar Tripathi**
**Executive Chairman**
**DIN: 00798632**

**Date: June 15, 2026**
**Place: Mumbai**

---

## SENTHIL INFOTEK LIMITED

**Corporate Identification Number (CIN): L72200TG1997PLC026943**
**Registered Office: #157, Dhanalakshmi Society, Mahendra Hills, East Marredpally, Secunderabad-500 026 Telangana, India; Tel. No.: +91 9441070826;**
**E-mail ID: senthilinfoteklimited@yahoo.com; Website: www.senthilinfo.com**

**Recommendations of the Committee of Independent Directors ("IDC") of Senthil Infotek Limited ("Target Company") on the Open Offer *(as defined below)* made by Kolli Murali Krishna ("Acquirer 1") and Gogineni Srinivas ("Acquirer 2" and together with the Acquirer 1 referred to as "Acquirers"), to the public shareholders of the Target Company, under Regulation 26(7) of Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011 and subsequent amendments thereto ("SEBI (SAST) Regulations")**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **Date** | June 15, 2026 (Monday) |
| 2. | **Name of the Target Company (TC)** | Senthil Infotek Limited |
| 3. | **Details of the Offer pertaining to TC** | The open offer ("Open Offer" or "Offer") by the Acquirers, pursuant to and in compliance with Regulation 3(1) and 4 and other applicable regulations of the SEBI (SAST) Regulations, for acquisition of up to 13,13,000 (thirteen lakh thirteen thousand only) fully paid-up equity shares of face value of ₹10 (Indian Rupees Ten only) each **("Equity Shares")**, representing 26% (twenty six percent) of the voting share capital *(as defined in the Letter of Offer dated June 08, 2026)*, of Senthil Infotek Limited **("Target Company")**, from the public shareholders of the Target Company, for cash at a price of ₹ 8/- (Indian Rupees Eight only) per Equity Share **("Offer Price")**.<br>The public announcement dated April 08, 2026 **("PA")**, the detailed public statement dated April 15, 2026 **("DPS")** published on April 16, 2026, the draft letter of offer dated April 22, 2026 **("DLOF")** and the letter of offer dated June 08, 2026 **("LOF")** have been issued by Synfinx Capital Private Limited, the manager to the Open Offer, on behalf of the Acquirers. |
| 4. | **Name(s) of the acquirer(s) and the Person Acting in Concert ("PAC") with the Acquirer** | Kolli Murali Krishna **("Acquirer 1")**; and<br>Gogineni Srinivas **("Acquirer 2")**<br>No person is acting in concert with the Acquirers for the purpose of the Open Offer. |
| 5. | **Name of the Manager to the Offer** | **Synfinx Capital Private Limited**<br>Flat No. 501, 5th Floor, Krishnaveer's Euphoria, Jubilee Enclave Road, Jubilee Enclave, HITEC City, Hyderabad-500081, Telangana, India. Tel. No.: +91 40 45046315/ +91 9833932080<br>E-mail ID: mbd@synfinx.com, SEBI Registration Number: INM000013192<br>Validity of Registration: Permanent, Contact Person: Thanmayi Katta / Hari Surya |
| 6. | **Members of the Committee of Independent Directors (Please indicate the chairperson of the Committee separately)** | Sarada Dittakavi; Sree Hari Ankem; and Dittakavi Surekha;<br>Sarada Dittakavi is the Chairperson of the Committee of Independent Directors. |
| 7. | **IDC Member's relationship with the TC (Director, Equity shares owned, any other contract / relationship), if any** | All the members of the IDC are independent directors on the board of directors of the Target Company.<br>None of the members of the IDC hold any Equity Shares/ securities of the Target Company or have entered into any contract / relationship of any kind with the Target Company, except as directors on the board of directors and as member(s)/chairperson of the board committees pursuant to thereto. |
| 8. | **Trading in the Equity shares/other securities of the TC by IDC Members** | None of the members of the IDC have traded in any of the Equity Shares/ securities of the Target Company during the:<br>(a) 12 month period preceding the date of the PA; and<br>(b) period from the date of the PA and till the date of this recommendation. |
| 9. | **IDC Member's relationship with the acquirer (Director, Equity shares owned, any other contract / relationship), if any** | None of the Members of the IDC has entered into any contracts / relationship of any kind with the Acquirers. |
| 10. | **Trading in the Equity shares/other securities of the acquirer by IDC Members** | Not Applicable |
| 11. | **Recommendation on the Open offer, as to whether the offer is fair and reasonable** | Based on a review of the relevant information (as set out in the summary of reasons for recommendation below), the IDC is of the opinion that the Offer Price of ₹ 8/- (Indian Rupees Eight only) per Equity Share is deemed to be in compliance with the SEBI (SAST) Regulations and to that extent the Ofer is fair and reasonable. |
| 12. | **Summary of reasons for recommendation** | The IDC has perused the PA, DPS, DLOF and LOF issued by the Manager to the Offer, for on behalf of the Acquirers, in connection with the Open Offer.<br>The recommendation of the IDC set out in the paragraph above is based on the following:<br>(a) The Offer Price of ₹ 8/- (Indian Rupees Eight only) is in accordance with Regulation 8(2) of the SEBI (SAST) Regulations;<br>(b) The Offer Price is higher than the negotiated price for acquisition of Equity Shares by the Acquirers, i.e., ₹ 5.50/- (Indian Rupees Five and Fifty Paise only) per Equity Share;<br>(c) The Equity Shares of the Target Company are infrequently traded on BSE, in terms of regulation 2(1) (j) of the SEBI (SAST) Regulations; and<br>(c) The Offer Price is higher than the fair value of the Equity Share, i.e., 7.48/- (Indian Rupees Seven and Forty-Eight Paise only) per Equity Share.<br>This is an Open Offer for acquisition of publicly held Equity Shares. The public shareholders have an option to tender the Equity Shares held by them or remain public shareholders in the Target Company. The public shareholders of the Target Company are advised to independently evaluate the Open Offer and the market performance of the Target Company's scrip and take an informed decision about tendering the Equity Shares held by them in the Open Offer. |
| 13. | **Disclosure of the Voting Pattern** | The recommendations were unanimously approved by the members of IDC. |
| 14. | **Details of Independent Advisors, if any** | None |
| 15. | **Any other matter(s) to be highlighted** | Nil |

To the best of our knowledge and belief, after making proper enquiry, the information contained in or accompanying this statement is, in all material respect, true and correct and not misleading, whether by omission of any information or otherwise, and includes all the information required to be disclosed by the Target Company under the SEBI (SAST) Regulations.

**For and on behalf of the Committee of Independent Directors of Senthil Infotek Limited**
**Sd/-**
**SARADA DITTAKAVI**
**Chairperson - Committee of Independent Directors**
**DIN: 05209781**

**Place: Hyderabad**
**Date: June 15, 2026**

---

## तरंगिनी इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड

**रजिस्टर्ड ऑफिस: के-37/ए, बेसमेंट, कैलाश कॉलोनी, कैलाश कॉलोनी मेट्रो स्टेशन के पास, नई दिल्ली-110048, सीआईएन: L74899DL1982PLC013486]**
**फोन: 011-42657135 वेबसाइट: www.taranginiinvestmentsltd.com**
**ईमेल आईडी: tarangini0123@gmail.com**

**वार्षिक आम बैठक की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की 44वीं वार्षिक आम बैठक मंगलवार, 7 जुलाई 2026 को दोपहर 03:00 बजे के-37/ए, बेसमेंट, कैलाश कॉलोनी, कैलाश कॉलोनी मेट्रो स्टेशन के पास, नई दिल्ली-110048 में आयोजित की जाएगी।

बैठक में किए जाने वाले कार्यों का विवरण देने वाली बैठक की सूचना की भौतिक प्रतियाँ, जिनमें उपस्थिति पर्ची और प्रॉक्सी फॉर्म शामिल हैं, साथ ही 31 मार्च, 2026 की स्थिति में तैयार की गई बैलेंस शीट तथा उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि विवरण और नकदी प्रवाह विवरण उनसे संबंधित अनुसूचियाँ तथा निदेशक मंडल और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट, उन सदस्यों को डाक द्वारा उनके संबंधित पंजीकृत पते पर भेज दी गई हैं जिन्होंने कंपनी/कंपनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट के साथ अपना ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं कराया है, और उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजी गई हैं जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत कराया है।

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि मीटिंग का नोटिस और ऊपर बताए गए दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट (www.taranginiinvestmentsltd.com) पर उपलब्ध हैं। साथ ही, इन दस्तावेजों की प्रतियां मीटिंग की तारीख तक, सभी कामकाजी दिनों (सोमवार से शुक्रवार) में बिजनेस के समय के दौरान कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस में देखने के लिए उपलब्ध हैं।

बैठक में उपस्थित होने और मतदान करने का अधिकार रखने वाला कोई सदस्य, अपनी ओर से बैठक में उपस्थित होने तथा मतदान में वोट देने के लिए एक प्रॉक्सी नियुक्त कर सकता है, और प्रॉक्सी का कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। प्रॉक्सी की नियुक्ति संबंधी प्रपत्र की वैधता के लिए उसे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में बैठक प्रारंभ होने से कम से कम 48 घंटे पूर्व जमा किया जाना चाहिए।

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनीज एक्ट, 2013 की धारा 108 (कंपनीज (मैनेजमेंट एंड एडमिनिस्ट्रेशन) रूल्स, 2014 के नियम 20 के साथ पठित, जिसमें संशोधन किया गया है) और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशंस, 2015 के रेगुलेशन 44 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को वोट देने की सुविधा दे रही है। यह सुविधा मंगलवार, **7 जुलाई, 2026 को दोपहर 03:00 बजे** के-37/ए, बेसमेंट, कैलाश कॉलोनी, कैलाश कॉलोनी मेट्रो स्टेशन के पास, नई दिल्ली-110048, में होने वाली सालाना आम बैठक ('बैठक') में प्रस्तावित प्रस्तावों पर वोट देने के लिए है। सदस्य बैठक में बैलेट पेपर के जरिए वोट देने के सामान्य तरीके के अलावा, रिमोट ई-वोटिंग के जरिए भी वोट दे सकते हैं। कंपनी ने ई-वोटिंग सुविधा देने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की सेवाएँ ली हैं।

सभी सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग से जुड़ी जानकारी (जिसमें यूजर आईडी और पासवर्ड शामिल हैं) के साथ-साथ मीटिंग बुलाने के नोटिस की कॉपी, अटेंडेंस स्लिप और प्रॉक्सी फॉर्म भेज दिए गए हैं या ईमेल कर दिए गए हैं (जैसा भी मामला हो)। यह जानकारी और मीटिंग का नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.taranginiinvestmentsltd.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.nsdl.co-in पर उपलब्ध है।

**रिमोट ई-वोटिंग अवधि 4 जुलाई, 2026 को प्रातः 9:00 बजे से प्रारंभ होगी और 6 जुलाई, 2026 को सायं 5:00 बजे समाप्त होगी।** इसके पश्चात मतदान के लिए एनएसडीएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा। किसी प्रस्ताव पर शेयरधारक द्वारा एक बार मतदान कर दिए जाने के बाद, उसे बाद में बदला नहीं जा सकेगा।

केवल वही व्यक्ति, जिसका नाम **26 जून, 2026** (कट-ऑफ तिथि) के अनुसार सदस्यों/लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, रिमोट ई-वोटिंग सुविधा तथा बैठक में मतदान करने की सुविधा का लाभ लेने का पात्र होगा।

जो कोई भी व्यक्ति मीटिंग का नोटिस भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तारीख यानी 26 जून, 2026 को शेयर रखता है, वह evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया मीटिंग के नोटिस में भी दी गई है, जो कंपनी की वेबसाइट और एनएसडीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

जो सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल चुके हैं, वे मीटिंग में शामिल हो सकते हैं, लेकिन उन्हें दोबारा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।

कोई भी सदस्य, जो वोट देने का हकदार है लेकिन जिसने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट देने के अधिकार का प्रयोग नहीं किया है, वह नोटिस में बताए गए सभी कार्यों के लिए मीटिंग में फिजिकल बैलेट के माध्यम से वोट दे सकता है। सदस्यों को वोट डालने के लिए मीटिंग स्थल पर बैलेट पेपर उपलब्ध कराए जाएंगे।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**तरंगिणी इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के लिए**
**हस्ताक्षरित/-**
**(पंकज खेतान)**
**2026 निदेशक**
**डीन : 01567415**

**दिनांक : 15 जून,**
**स्थान : नई दिल्ली**

---

**POST OFFER ADVERTISEMENT IN ACCORDANCE WITH REGULATION 18(12) OF THE SECURITIES EXCHANGE BOARD OF INDIA (SUBSTANTIAL ACQUISITION OF SHARES AND TAKEOVERS) REGULATIONS, 2011, AS AMENDED, ("SEBI (SAST) REGULATIONS") WITH RESPECT TO THE OPEN OFFER TO THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF**

## GLITTEK GRANITES LIMITED

**Registered Office:** Honnappa Building, 2nd Floor, V.V. Extension, Behind MCM ITI College, Old Madras Road, Hoskote, Bengaluru - 562114, Karnataka, India. | **CIN:** L14102KA1990PLC023497. | **Tel. No:** +91 80 27971565 | **Email:** info@glittek.com | **Website:** http://www.glittek.com/

**OPEN OFFER FOR THE ACQUISITION OF UP TO 67,50,000 (SIXTY SEVEN LAKHS FIFTY THOUSAND) FULLY PAID-UP EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹5/- (RUPEES FIVE ONLY) EACH ("EQUITY SHARES") REPRESENTING 26% (TWENTY SIX PERCENT) OF THE EQUITY SHARE CAPITAL OF GLITTEK GRANITES LIMITED ("TARGET COMPANY") FROM THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF THE TARGET COMPANY BY MAHESHKUMAR JATASHANKAR THANKI ("ACQUIRER 1"), BHARGAV GIRJASHANKAR THANKI ("ACQUIRER 2"), BHAVIN HARIHAR THANKI ("ACQUIRER 3"), KALPANA ASHWINKUMAR THANKI ("ACQUIRER 4"), HEMA BHARGAV THANKI ("ACQUIRER 5") AND GAUTAM ASHWINKUMAR THANKI ("ACQUIRER 6") (ACQUIRER 1 , ACQUIRER 2, ACQUIRER 3, ACQUIRER 4, ACQUIRER 5 AND ACQUIRER 6 ARE COLLECTIVELY REFERRED AS "ACQUIRERS" ) TOGETHER WITH RAWMIN MINING AND INDUSTRIES PRIVATE LIMITED ("PAC") PURSUANT TO AND IN COMPLIANCE WITH REGULATION 3(1) AND 4 READ WITH OTHER APPLICABLE PROVISIONS OF SEBI (SAST) REGULATIONS ("OPEN OFFER" OR "OFFER").**

This Post Offer Advertisement (**"Post Offer Advertisement"**) is being issued by Vivro Financial Services Private Limited, (**"Manager to the Offer"**), for and on behalf of the Acquirers and PAC pursuant to Regulation 18(12) of the SEBI (SAST) Regulations. The Detailed Public Statement (**"DPS"**) with respect to the aforementioned offer was published on January 13, 2026, in the Financial Express (English) (All Editions), Jansatta (Hindi) (All Editions), Udaykala (Kannada - Regional) (Bangalore Edition) and Navshakti (Marathi) (Mumbai Edition) (**"Newspapers"**).

The post-offer advertisement shall be read in continuation of and in conjunction with:

a) The public announcement dated January 06, 2026 (**"Public Announcement"** or **"PA"**);
b) The detailed public statement dated January 12, 2026 and published in newspapers on January 13, 2026 on behalf of the Acquirers and PACs in the Financial Express (English) (All Editions), Jansatta (Hindi) (All Editions), Udaykala (Kannada - Regional) (Bangalore Edition) and Navshakti (Marathi) (Mumbai Edition).
c) The letter of offer dated May 12, 2026 (**"Letter of Offer"** or **"LoF"**); and
d) The pre-offer advertisement cum corrigendum dated May 16, 2026 which was published on May 18, 2026 in Financial Express (English) (All Editions), Jansatta (Hindi) (All Editions), Udaykala (Kannada - Regional) (Bangalore Edition) and Navshakti (Marathi) (Mumbai Edition).

This Post-Offer Advertisement is being published in all such newspapers in which the DPS was published. Capitalized terms used but not defined in this Post Offer Advertisement shall have the same meanings assigned to such terms in the Letter of Offer dated May 16, 2026.

The Public Shareholders of the Target Company are requested to kindly note the following information with respect to the Open Offer:

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | **Name of the Target Company:** | Glittek Granites Limited |
| 2 | **Name of the Acquirers / PAC:** | Maheshkumar Jatashankar Thanki ("Acquirer 1"), Bhargav Girjashankar Thanki ("Acquirer 2"), Bhavin Harihar Thanki ("Acquirer 3"), Kalpana Ashwinkumar Thanki ("Acquirer 4"), Hema Bhargav Thanki ("Acquirer 5"), Gautam Ashwinkumar Thanki ("Acquirer 6") and Rawmin Mining And Industries Private Limited ("PAC") |
| 3 | **Name of the Manager to the Offer:** | Vivro Financial Services Private Limited |
| 4 | **Name of the Registrar to the Offer:** | MUFG Intime India Private Limited |
| 5 | **Offer Details** | |
| 5.1 | **a. Date of Opening of the Offer:** | Tuesday, May 19, 2026 |
| 5.2 | **b. Date of Closure of the Offer:** | Tuesday, June 02, 2026 |
| 6 | **Date of Payment of Consideration:** | Tuesday, June 9, 2026 |
| 7 | **Details of the Acquisition** | |

| Sr No. | Particulars | Proposed in the Offer Document (Assuming full acceptance in the Offer) | Act

*केवल वही व्यक्ति उत्तम रूप से कार्य करता है, जो पूर्णतया निस्वार्थी है, जिसे न तो धन की लालसा है और न कीर्ति की।*

*– स्वामी विवेकानंद*

## राहत की उम्मीद

अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष को समाप्त करने तथा होर्मुज जलमार्ग को फिर से खोलने पर बनी सहमति भारत समेत दुनिया के कई देशों के लिए संकट से राहत मिलने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। द्विपक्षीय शांति समझौते पर उन्नीस जून को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किए जाने का प्रस्ताव है। इसके लागू होने से निश्चित तौर पर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला फिर से बहाल हो पाएगी, जिससे खासकर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दबाव कम होगा और ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता के साथ-साथ इसकी कीमतों में भी गिरावट आएगी। मगर अमेरिका और ईरान के बीच इस सहमति को अभी उम्मीद के तौर पर ही देखा जा रहा है, क्योंकि पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों पक्षों के रुख में जिस तरह की अनिश्चतता देखी गई है, उस लिहाज से इस समझौते के सिरे चढ़ने को लेकर अभी पूरी तरह भरोसा करना मुश्किल है। संशय इसलिए भी बना हुआ है, क्योंकि अंतिम समझौते के नियम और शर्तें अभी औपचारिक रूप से सार्वजनिक नहीं की गई हैं और दोनों पक्षों में से कौन इसमें अड़ंगा लगा दे, इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।

गौरतलब है कि अमेरिका और इजराइल ने इस वर्ष 28 फरवरी को ईरान पर संयुक्त रूप से हमला किया था, जिसके बाद ईरान ने भी पलटवार शुरू कर दिया। अप्रैल में अमेरिका की ओर से दो सप्तह के युद्धविराम की घोषणा की गई, जिसे बाद में अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया। हालांकि, इस बीच दोनों ओर से छिटपुट हमले होते रहे, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान होर्मुज जलमार्ग को बाधित करने से हुआ, जिससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा का संकट खड़ा हो गया। वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से का परिवहन इसी मार्ग से होता है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात और कतर जैसे तेल उत्पादक खाड़ी देशों के लिए यही मुख्य निर्यात मार्ग है, जो भारत के प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता भी हैं। अगर यह मार्ग फिर से बहाल हो जाता है, तो भारत जैसे दुनिया के कच्चे तेल आयातक देशों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे तेल आपूर्ति को लेकर चिंताएं कम होंगी, माल ढुलाई लागत घटेगी और महंगाई पर दबाव भी कम होगा।

पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म करने पर बनी सहमति की खबरें आने के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल कीमतों में गिरावट का दौर शुरू हो गया। भारत में इसका असर शेयर बाजार में उछाल और डालर के मुकाबले रुपए की मजबूती के रूप में सामने आया। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह समझौता सफलतापूर्वक लागू होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था को कई मोर्चों पर राहत मिलने की उम्मीद है। इससे पश्चिम एशिया को होने वाले भारत के निर्यात में तेजी आएगी, विनिर्माण गतिविधियों को गति मिलेगी और रुपए की स्थिरता को भी बल मिलेगा। ईरान की ओर से होर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध करने के बाद इसके आसपास अमेरिका की नाकेबंदी से स्थिति और जटिल हो गई है। मगर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय सहमति के एलान के साथ यह स्पष्ट कर दिया है कि इस जलमार्ग के फिर से खुलते ही नाकेबंदी को भी हटा लिया जाएगा। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि अमेरिका और ईरान इस सहमति पर कायम रहेंगे और शांति समझौते को अंतिम मंजूरी देने की दिशा में सकारात्मक रूप से कदम आगे बढ़ाएंगे, ताकि पश्चिम एशिया में फिर से शांति, स्थिरता और साझा समृद्धि का रास्ता खुल सके।

## अफवाह की आग

मध्य प्रदेश में मुरैना रेलवे स्टेशन के निकट हुए हादसे में चार यात्रियों की मौत से रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर से गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बार-बार होने वाले इस तरह के हादसे रेलवे बोर्ड के उन दावों की सच्चाई को सामने लाते हैं, जिनमें रेलगाड़ी के सफर को पूरी तरह सुरक्षित बनाए जाने की बात कही जाती है। सवाल है कि अगर चलती ट्रेन में किसी तरह की अफवाह से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपायों पर ध्यान न दिया जाए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? गौरतलब है कि रविवार को खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के इंजन के पास के एक डिब्बे में आग लगने की अफवाह के बाद कुछ यात्री ट्रेन से उतर कर बगल की पटरियों पर खड़े हो गए। इसी बीच, दूसरी ओर से आ रही एक अन्य ट्रेन की चपेट में आने से चार यात्रियों की मौत हो गई। इससे प्रतीत होता है कि पहले हुए इस तरह के हादसों से कोई सबक नहीं लिया गया।

एक ट्रेन के यात्रियों का दूसरी ट्रेन की चपेट में आने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी देश भर में ऐसे कई हादसे हो चुके हैं। सवाल है कि इस तरह की अफवाह के दौरान स्थिति को कैसे संभालना है, क्या रेलवे कर्मियों को इसका प्रशिक्षण नहीं दिया जाता है? ट्रेन के चालक और अन्य कर्मियों को वहां से गुजरने वाली अन्य रेलगाड़ियों के समय की जानकारी होती है, इसके बावजूद दूसरी पटरी पर खड़े यात्रियों को समय रहते आगाह क्यों नहीं किया गया। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से जारी बयान में कहा गया कि घटनास्थल पर तीखा मोड़ है, इसलिए पटरी पर खड़े यात्रियों और दूसरी ओर से आ रही ट्रेन के चालक को एक-दूसरे का पता नहीं चल सका। मगर सवाल यह भी है कि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए रेलवे में बचाव का कोई पुख्ता तंत्र विकसित क्यों नहीं किया जाता? रेलवे बोर्ड को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और इस हादसे की गहराई से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि इस तरह के हादसे की पुनरावृत्ति न हो।

# ऊर्जा सुरक्षा में समानता का सवाल

**प्रश्न सिर्फ यह नहीं है कि देश में बिजली उत्पादन कितना है, बल्कि यह भी है कि उसका लाभ कितनी समानता के साथ मिल रहा है। ऊर्जा के वितरण में न्याय का होना भी जरूरी है।**

**विजयशंकर चतुर्वेदी**

भारत की ऊर्जा नीति इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां उपलब्धियों के चमकदार आंकड़े और वितरण की जमीनी वास्तविकताएं साथ-साथ दिखाई देती हैं। पिछले एक दशक में देश ने बिजली उत्पादन, ग्रिड विस्तार और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। मगर किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए असली प्रश्न केवल यह नहीं होता कि वह कितनी बिजली पैदा कर रहा है, बल्कि यह भी होता है कि उस बिजली का लाभ किसे और कितनी समानता के साथ मिल रहा है। इसी बिंदु पर उत्पादन और वितरण, उपलब्धि एवं अधिकार और विकास तथा समानता के प्रश्न एक-दूसरे से टकराते हैं। ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में मिली सफलताओं को ऊर्जा न्याय में बदल पाना आज भारतीय ऊर्जा नीति की सबसे बड़ी परीक्षा है।

बिजली उत्पादन के मोर्चे पर उपलब्धियां निर्विवाद हैं। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण और विद्युत मंत्रालय के अनुसार, 31 जनवरी 2026 तक देश की कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 5,20,511 मेगावाट तक पहुंच चुकी थी, जो वर्ष 2013-14 के लगभग 224 गीगावाट के स्तर की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। कुल स्थापित क्षमता में गैर-जीवाश्म स्रोतों की हिस्सेदारी 52 फीसद से ऊपर पहुंच चुकी है और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 273 गीगावाट के आस-पास है। पिछले वित्तीय वर्ष के शुरुआती दस महीनों में 52,537 मेगावाट नई क्षमता जोड़ी गई, जिसमें अधिकांश योगदान अक्षय ऊर्जा का रहा। राष्ट्रीय ग्रिड अब 242 गीगावाट की रेकार्ड मांग को संभालने में सक्षम है। इन उपलब्धियों ने भारत को वैश्विक ऊर्जा संक्रमण के अग्रणी देशों में शामिल किया है, लेकिन क्या राष्ट्रीय ग्रिड की यह प्रचुरता हर नागरिक के लिए भी उतनी ही वास्तविक और विश्वसनीय है, जितनी वह सरकारी आंकड़ों में दिखाई देती है?

माना कि देश में सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण का लक्ष्य लगभग हासिल किया जा चुका है। मगर बिजली का मीटर लगा देना और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति एक ही बात नहीं हैं। शहरी क्षेत्रों में औसतन 23 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 21 घंटे बिजली उपलब्ध होने के सरकारी दावों के बावजूद जमीनी वस्तुस्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। देश के अनेक सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों, आदिवासी अंचलों और पहाड़ी इलाकों में आज भी मामूली तकनीकी खराबी के बाद बिजली आपूर्ति लंबे समय तक बाधित हो जाती है। शहरों में ट्रांसफार्मर खराब होने पर मरम्मत अपेक्षाकृत तेजी से होती है, जबकि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में यही प्रक्रिया अधिक समय लेती है। कृषि क्षेत्र में बिजली की अनिश्चित उपलब्धता किसानों की उत्पादकता को प्रभावित करती है। अनेक राज्यों में कृषि और घरेलू फीडरों के पृथक्करण का कार्य अभी भी अधूरा है।

ऊर्जा क्षेत्र की यह विषमता वितरण व्यवस्था में और स्पष्ट दिखाई देती है। महानगरों और बड़े औद्योगिक केंद्रों में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता अपेक्षाकृत बेहतर है। निजी वितरण कंपनियों के प्रवेश के बाद कई शहरों

में उपभोक्ता सेवाओं, शिकायत निवारण और बिलिंग व्यवस्था में सुधार हुआ है, लेकिन इससे यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि ऊर्जा वितरण की चुनौतियां समाप्त हो गई हैं। हाल के वर्षों में बड़े महानगरों ने लागत से अधिक बिल वसूलने, भीषण गर्मी और चरम मौसम की

> देश की सौर ऊर्जा क्षमता दुनिया के सबसे बड़े अक्षय ऊर्जा कार्यक्रमों में शामिल है, लेकिन यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि हरित ऊर्जा का लाभ केवल बड़े निवेशकों और चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित न रह जाए। यदि इस ऊर्जा का लाभ दूरस्थ क्षेत्रों तक नहीं पहुंचा, तो नई ऊर्जा व्यवस्था भी पुरानी असमानताओं को दोहरा सकती है। यह आशंका भी बनी रहेगी कि जीवाश्म ईंधन आधारित व्यवस्था की खामियों का स्थान हरित ऊर्जा की नई कमियों से न भर दिया जाए। भारत की ऊर्जा यात्रा सुरक्षा से शुरू हुई थी। अब उसकी अगली मंजिल ऊर्जा न्याय होनी चाहिए। ऊर्जा केवल अर्थव्यवस्था का ईंधन नहीं, बल्कि समान अवसर, सामाजिक गरिमा और विकास की आधारशिला भी है।

परिस्थितियों में ग्रिड विफलताओं का सामना किया है। इससे स्पष्ट है कि ऊर्जा अवसंरचना को केवल दक्षता के आधार पर नहीं, आपदा-सहिष्णुता के आधार पर भी परखा जाना चाहिए। इस स्थिति को समझने के लिए उन वितरण कंपनियों को भी देखना होगा, जिन पर बिजली को अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। वर्षों तक घाटे और बढ़ते कर्ज से जूझने के बाद कई सरकारी बिजली कंपनियां अब बेहतर वित्तीय प्रदर्शन कर रही हैं। तकनीकी और वाणिज्यिक नुकसान में कमी आई है। बकाया राशि के प्रबंधन में भी सुधार हुआ है। मगर किसी वितरण कंपनी की सफलता केवल उसके बही-खाते से नहीं आंकी जा सकती। उसकी वास्तविक कसौटी यह है कि वह आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक कितनी गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचा पा रही है।

वित्तीय सुधारों के बावजूद कई राज्यों में सबसिडी भुगतान में देरी, जर्जर स्थानीय अवसंरचना, राजनीतिक हस्तक्षेप और कमजोर वसूली प्रणाली जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। नतीजा यह कि राष्ट्रीय औसत में सुधार के बावजूद अनेक क्षेत्रों में सेवा की गुणवत्ता अब भी असंतोषजनक है। दरअसल, सेवा गुणवत्ता में यही असमानता उस बड़े नीतिगत प्रश्न की ओर संकेत करती है कि आखिर ऊर्जा व्यवस्था का उद्देश्य केवल बिजली बेचना है या उसे एक सार्वजनिक अधिकार के रूप में उपलब्ध कराना भी है? यहीं ऊर्जा न्याय का संवेदनशील प्रश्न सामने आता है। जब बिजली की मांग उपलब्धता के बराबर पहुंचने लगे या आपूर्ति पर दबाव बढ़े, तब प्राथमिकता किसे मिलनी चाहिए? बड़े उद्योगों को, जो आर्थिक विकास और रोजगार का आधार हैं या ग्रामीण अस्पतालों, स्कूलों, सिंचाई प्रणालियों और छोटे कस्बों को, जिनके लिए बिजली विकास ही नहीं बल्कि जीवन और आजीविका की बुनियादी आवश्यकता है?

व्यावहारिक स्तर पर राज्य और उसकी संस्थाएं प्रायः उन क्षेत्रों को प्राथमिकता देती हैं, जो आर्थिक वृद्धि, औद्योगिक उत्पादन और राजस्व सृजन में अधिक योगदान करते हैं। इसके अपने तर्क हो सकते हैं, लेकिन केवल आर्थिक उत्पादकता के आधार पर ऊर्जा का वितरण सामाजिक न्याय की कसौटी पर हमेशा उचित नहीं ठहराया जा सकता। शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रोजगार और गरिमापूर्ण जीवन के लिए बिजली एक बुनियादी शर्त है। इसलिए ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा न्याय को एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक लक्ष्यों के रूप में देखना होगा। यदि ऊर्जा व्यवस्था का पूरा ढांचा केवल लाभ, राजस्व और बाजार दक्षता के मानकों से संचालित होगा, तो समाज के वे हिस्से अनिवार्य रूप से पीछे छूट जाएंगे, जिनके लिए बिजली विकास का नहीं, जीवन का प्रश्न है।

भारत की सौर ऊर्जा क्षमता दुनिया के सबसे बड़े अक्षय ऊर्जा कार्यक्रमों में शामिल है, लेकिन यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि हरित ऊर्जा का लाभ केवल बड़े निवेशकों और चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित न रह जाए। यदि इस ऊर्जा का लाभ दूरस्थ क्षेत्रों तक नहीं पहुंचा, तो नई ऊर्जा व्यवस्था भी पुरानी असमानताओं को दोहरा सकती है। यह आशंका भी बनी रहेगी कि जीवाश्म ईंधन आधारित व्यवस्था की खामियों का स्थान हरित ऊर्जा की नई कमियों से न भर दिया जाए। भारत की ऊर्जा यात्रा सुरक्षा से शुरू हुई थी। अब उसकी अगली मंजिल ऊर्जा न्याय होनी चाहिए। ऊर्जा केवल अर्थव्यवस्था का ईंधन नहीं, बल्कि समान अवसर, सामाजिक गरिमा और विकास की आधारशिला भी है।

# रिश्तों की डोर

**अनुपमा तिवाड़ी**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और समाज में वह बहुत सारे रिश्तों के साथ रहता है। हर व्यक्ति का रिश्ता किसी दूसरे के साथ अलग तरह का होता है। समाज में बहुत से रिश्ते हमें विरासत में मिलते हैं, जिन्हें हम कई बार पारिवारिक, तो कभी सामाजिक दबावों की वजह से निभाते हैं। ऐसे रिश्ते धीरे-धीरे मरते जाते हैं और फिर एक समय आता है कि जब वे टूट जाते हैं। पहले ये रिश्ते झगड़ों के बाद भी बने रहते थे, जिसके अनेक कारण थे। मगर अब भौतिक साधनों के चलते परस्पर निर्भरता कम हुई है। कभी-कभी कुछ समय चलने के बाद रिश्तों में एक-दूसरे से कुछ नहीं कह पाने की ऊहापोह अबोलेपन में बदल जाती है और फिर दूरियां बढ़ते-बढ़ते रिश्तों की डोर कब टूट जाती है, पता ही नहीं चलता। किसी भी रिश्ते को खींच-खींचकर लंबे समय तक निभाया नहीं जा सकता है।

सामाजिक रिश्तों में दोस्ती का रिश्ता हम खुद चुनते हैं। एक जैसे आचार-विचार, पसंद-नापसंद और सम्मानजनक व्यवहार करने वाले दो व्यक्ति परिचय से आगे बढ़कर कब हाथ बढ़ाकर दोस्त बन जाते हैं, हमें पता ही नहीं चलता। यह दोस्ती एक-दूसरे के लगातार संपर्क से सुकून की तरफ जाने लगती है। दोस्ती का रिश्ता हमें खास महसूस करवाता है, जिसे हमने चुना होता है और जिसमें कोई बाध्यता नहीं, निभाने का कोई दबाव नहीं। 'दोस्ती' एक छोटा-सा शब्द है, लेकिन इसमें पूरी दुनिया समाई होती है। बिना दोस्ती के हमारा जीवन अधूरा-सा महसूस होता है, जहां हम दिल खोलकर बातें करते हैं और जहां मुश्किल समय में हम दोस्त के लिए खड़े रहते हैं।

दोस्ती का रिश्ता अमीरी-गरीबी, अच्छे-बुरे या किसी भी भेदभाव को नहीं देखता। यह सच्चाई और समर्पण पर आधारित होता है। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि मजबूत रिश्ते तनाव को कम करते हैं और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। हाल के अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि जिन लोगों के पास अच्छे रिश्ते होते हैं, वे अधिक खुश और स्वस्थ होते हैं। उदाहरण के लिए एक व्यक्ति जो अपने मित्रों के साथ नियमित रूप से समय बिताता है, वह अधिक संतुष्ट और खुश रहता है।

दो दोस्त बहुत कुछ समानता रखते हुए भी भिन्न होते हैं। इसलिए ''दोस्ती एक कला है'', जिसमें हर व्यक्ति एक-दूसरे की निजता का सम्मान करता है, उसे प्रेरित करता है, उसके सुख-दुख का साथी होता है। मगर बहुत निकटता होने के बावजूद हर व्यक्ति का एक निजी कोना भी होता है, जिसमें प्रवेश करना वर्जित होता है। इसलिए दूसरे को सुनना और समझना बहुत आवश्यक है। दूसरे की निजता का सम्मान करना बहुत जरूरी है। कई बार हम किसी दूसरे के अंदर की आवाज सुने बिना अपनी इच्छाएं उस पर लादने लगते हैं, जिससे व्यावहारिक समस्याएं पैदा होने लगती हैं। मगर रिश्तों की मजबूत डोर तो दिलों से बंधी होती है, जिसे कोई भी अलग नहीं कर सकता। दोस्ती पर कितने ही गीत बने हैं, फिल्में बनी हैं, जिन्होंने दोस्ती की मिसाल पेश की है, मौन को पढ़ना सिखाया है।

दोस्ती कहने भर का शब्द नहीं, महसूस करने का रिश्ता है। यह एक गंभीर चिंतन का विषय है कि हमें अपने रिश्तों को कैसे सहेजना है? रिश्तों को नियमों में नहीं बांधा जा सकता। दोस्ती करना सिखाया नहीं जा सकता। एक समय के बाद हम कभी-कभी दूसरे दोस्त से पहले जैसे व्यवहार की अपेक्षा करने लगते हैं, जो व्यवहार हमें पहले मिलता था, हमें वही व्यवहार चाहिए होता है। हम यह क्यों भूल जाते हैं कि दोस्त भी एक व्यक्ति है, उसमें भी हर दिन बदलाव हो रहा है- शरीर का, भावनाओं का, उसकी स्थितियों का और आवश्यकताओं का। इसलिए पहले जैसी मांग की अपेक्षा कई बार हमें और दोस्त, दोनों को असमंजस में डाल देती है।

दो मित्रों के बीच संवाद एक-दूसरे को समझने और सामंजस्य स्थापित करने में मदद करता है। फिर भी कई बार जब हम किसी व्यक्ति से किन्हीं कारणों से दूर होना चाहते हैं, उसे भी सहजता से स्वीकार करना चाहिए। इसमें दूसरे की इच्छा सर्वोपरि है, लेकिन ऐसे में कई बार जब हम दूसरे पर अपना हक जताने लगते हैं, तो रिश्ते में दरार पड़ने लगती है और यह स्थिति कई बार इतनी बढ़ जाती है कि दोस्ती, दुश्मनी में बदल जाती है। जो आज हमारे दोस्त हैं, वही कल दुश्मन हो जाता है।

मगर हम यह क्यों यह भूल जाते हैं कि हर व्यक्ति की मानसिक स्थिति और आवश्यकता हमेशा एक-सी नहीं रहती। आज जो उसकी पसंद है, हो सकता है कल वह न हो। हमें रिश्तों के प्रति सहज रहना चाहिए। आपसी समझ और स्वतंत्रता बहुत जरूरी है। किसी भी रिश्ते में अगर कोई नहीं रहना चाहता हो, तो उसे सहजता से स्वीकार करना चाहिए। जब चुनने की स्वतंत्रता है, तो अलग होने की क्यों नहीं? बिना किसी को आहत किए हम खुद को उस रिश्ते से बाहर निकाल सकते हैं। यह दोनों के सम्मान को बनाए रखेगा और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देगा।

**दुनिया मेरे आगे**

> दोस्ती कहने भर का शब्द नहीं, महसूस करने का रिश्ता है। रिश्तों को सहेजने की जरूरत होती है, इन्हें नियमों में नहीं बांधा जा सकता। एक समय के बाद हम दोस्त से पहले जैसे व्यवहार की अपेक्षा करते हैं, मगर यह भूल जाते हैं कि वह भी एक व्यक्ति है, उसमें भी हर दिन बदलाव हो रहा है।

## लोकतंत्र की शक्ति

इसमें दोराय नहीं कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि वह किसी भी दल या नेता को स्थायी सत्ता का अधिकार नहीं देता। जनता जब यह महसूस करने लगती है कि सत्ता जनसेवा के बजाय विशेषाधिकार का माध्यम बन गई है, तब परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू होती है। पश्चिम बंगाल में लंबे समय तक तृणमूल कांग्रेस का वर्चस्व रहा। प्रारंभिक वर्षों में पार्टी ने वाम शासन के विरुद्ध जनता की आकांक्षाओं को स्वर दिया, लेकिन समय बीतने के साथ उस पर कई आरोप लगने लगे। 'कट-मनी', सिंडिकेट संस्कृति, भर्ती घोटालों तथा प्रशासनिक पक्षपात के मुद्दे लगातार चर्चा में रहे। इन आरोपों ने न केवल विपक्ष को सरकार के विरुद्ध माहौल बनाने का अवसर दिया, बल्कि पार्टी के भीतर भी असंतोष को जन्म दिया। बंगाल के राजनीतिक परिदृश्य में विपक्ष, विशेषकर भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने का प्रयास किया है। दूसरी ओर, तृणमूल के भीतर उभरते असंतोष ने भी राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित किया। इन दोनों कारकों ने मिल कर राज्य की राजनीति को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है।

*– युगल किशोर राही, छपरा*

## शांति के विरुद्ध

'नमनामी के निशाने' (संपादकीय, 12 जून) पढ़ा। इसमें समकालीन वैश्विक परिस्थितियों पर गंभीर विमर्श किया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति की हठधर्मिता और मनमाने निर्णयों के दूरगामी प्रभाव दिख रहे हैं। किसी भी राष्ट्र की एकपक्षीय नीतियां केवल उसके हितों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि उनका प्रभाव वैश्विक शांति, स्थिरता और मानवीय मूल्यों पर भी पड़ता है। विभिन्न संघर्षों और तनावपूर्ण परिस्थितियों के कारण निर्दोष लोगों की जानें जा रही हैं। इससे अनेक देशों की सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ऐसे समय में वैश्विक स्तर पर पैदा हो रही परिस्थितियों को समझने की जरूरत है। मौजूदा परिदृश्य में भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए संतुलित और दृढ़ भूमिका निभाने का प्रयास किया है। विश्व शांति और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए सामूहिक उत्तरदायित्व का होना आवश्यक है।

*– अशोक, पटना, बिहार*

## महिलाओं की सुरक्षा

'हिंसा के विरुद्ध' (संपादकीय, 11 जून) पढ़ा। देश में महिलाओं के प्रति बढ़ती यौन हिंसा, दहेज प्रताड़ना और मारपीट किसी भी तरह से सभ्य समाज की निशानी नहीं कहीं जा सकती है। महिलाओं के विरुद्ध हिंसा की घटनाएं गांवों में अधिक हैं। जबकि माना यह जाता है कि वे शहर के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित है। हालांकि यह समस्या हर जगह बढ़ती दिखाई दे रही है। इसीलिए इस तरह की हिंसा को रोकने के लिए लड़कियों को पढ़ाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना बेहद जरूरी है, ताकि उन्हें अपने अधिकार मालूम हो सकें। घर में बेटों को भी उनका सम्मान करना सिखाना होगा। लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। उनके विरुद्ध हिंसा करने वाले दोषियों को तत्काल सजा दिलाने का प्रयास करना चाहिए, जिससे उनमें कानून का डर कायम हो। महिलाओं की सुरक्षा सरकार के साथ-साथ समाज की भी जिम्मेदारी है।

*– भगवानदास छारिया, इंदौर*

## समुदाय की चिंता

अंडमान और निकोबार प्रशासन की ओर से जनजातीय परिषदों के लिए प्रस्तावित नए चुनावी नियम ने द्वीप समूह के मूल समुदाय में एक गंभीर बहस को जन्म दे दिया है। प्रशासन का तर्क है कि देश के बाकी हिस्सों की तरह यहां भी पांच वर्षीय औपचारिक चुनावी प्रक्रिया, निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन और महिलाओं के लिए आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। पहली नजर में यह आधुनिक लोकतंत्र का स्वागत योग्य कदम लग सकता है, लेकिन इसके पीछे छिपी जमीनी चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निकोबारी समुदाय सदियों से पारंपरिक स्वशासन प्रणाली के तहत संचालित होता आ रहा है। जनजातीय नेताओं का यह डर स्वाभाविक है कि इस नई व्यवस्था से उनका पारंपरिक ताना-बाना और निर्णय लेने की स्वायत्तता छिन्न-भिन्न हो जाएगी।

*– प्रसिद्ध यादव, फुलवारी, पटना*

**आस्था**

मथुरा : सोमवती अमावस्या के मौके पर द्वारकाधीश मंदिर में उमड़े श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए।

**बोल**

*हम ऐसी किसी भी हरकत की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें नाविकों की जान और अंतरराष्ट्रीय नौवहन की सुरक्षा को खतरा हो। समुद्री कर्मियों की सुरक्षा साझा जिम्मेदारी है।*
*- आर्सेनियो डोमिंग्वेज, अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आइएमओ) के महासचिव*

**बोल**

*सेंट्रेबेलो टैंकर पर हमले में कई भारतीय नाविक मारे गए। यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। अंतरराष्ट्रीय कानून और समुद्र में जीवन की सुरक्षा का पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। - एंतोनियो गुतारेस, संयुक्त राष्ट्र महासचिव*

सम-सामयिक

# रूस व तालिबान में बढ़ती करीबी, बदल रहे समीकरण

जनसत्ता संवाद

रूस और तालिबान के बढ़ते रिश्ते अफगानिस्तान और आस-पास के क्षेत्र में बदलते हालात का संकेत हैं। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने वहां से जुड़ी रूस की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दोहराया है। शंघाई सहयोग संगठन की सुरक्षा बैठक में उन्होंने बताया कि अफगानिस्तान में 20 से अधिक संगठनों के 18,000 से 23,000 तक लड़ाके मौजूद हैं। सीरिया से लड़ाकों की धीरे-धीरे वापसी हो रही है और अफगानिस्तान व उसके पड़ोसी देशों में सिंथेटिक नशीले पदार्थों का उत्पादन और व्यापार बढ़ रहा है। उन्होंने माना कि तालिबान के नेतृत्व वाला इस्लामिक अमीरात इन चुनौतियों, खासकर लड़ाकों की मौजूदगी, से निपटने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि तालिबान की क्षमता सीमित है। इसलिए इन खतरों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए क्षेत्रीय सहयोग जरूरी है।

रूस की आतंकवादी संगठनों की सूची से तालिबान का नाम हटाना और जुलाई 2025 में उसे आधिकारिक मान्यता देना यूरेशिया की रणनीतिक स्थिरता में महत्त्वपूर्ण मोड़ था। इससे यह संकेत मिला कि क्षेत्र के देश तालिबान के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए अधिक तैयार हैं। हालांकि, इस साझेदारी को मजबूत करते समय मास्को को सावधानी बरतनी पड़ी है। इसका कारण बड़े बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की घोषणा के साथ-साथ अफगानिस्तान-पाकिस्तान संबंधों में बढ़ता तनाव है।

मास्को की तालिबान नीति व्यावहारिक और यथार्थवादी सोच पर आधारित मानी जा रही है। वर्ष 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद क्षेत्र से अमेरिका लौट गया और रूस ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए तालिबान के साथ संपर्क स्थापित कर लिए। काबुल में दूतावास खुला रहा और तालिबान की वापसी के बाद रूस पहला देश बना, जिसने काबुल में व्यापारिक प्रतिनिधि कार्यालय खोला।

वर्ष 2025 में रूसी सुप्रीम कोर्ट ने तालिबान को आतंकवादी सूची से हटा दिया और उसकी गतिविधियों पर लगा प्रतिबंध निलंबित कर दिया। उसी वर्ष रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तालिबान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोगी बताया। जुलाई 2025 में रूस तालिबान सरकार को मान्यता देने वाला पहला देश बना। फरवरी 2026 से पाकिस्तान-अफगानिस्तान में तनाव है, दोनों ने एक-दूसरे के ठिकानों पर हमले किए हैं।

**बाजार की तलाश**

रूस के लिए तालिबान के साथ जुड़ाव का कारण केवल सुरक्षा चुनौतियां नहीं हैं। उसकी प्राथमिकता अफगानिस्तान को यूरेशियाई आपूर्ति शृंखलाओं से जोड़ना और क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करना भी है। इसके लिए एक स्थिर अफगानिस्तान जरूरी माना जाता है।

वर्ष 2026 में तालिबान का इस्लामिक अमीरात सत्ता में अपने दस वर्ष पूरे करने की दिशा में आधा रास्ता तय कर लेगा। पिछले पांच वर्षों में रूस ही ऐसा एकमात्र देश रहा है, जिसने तालिबान सरकार को कानूनी और आधिकारिक मान्यता दी है। तालिबान के साथ जुड़ाव के पीछे मुख्य कारण एक ओर अफगानिस्तान में सक्रिय आतंकवादी समूहों को लेकर चिंताएं हैं और दूसरी ओर उन्हें नियंत्रित करने की तालिबान की क्षमता तथा इच्छा को लेकर संदेह भी है। रूस क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास से जुड़े अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए इस संबंध को मजबूत कर रहा है। ऐसे में रूस का समर्थन तालिबान की वैधता और अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता को और अधिक मजबूती देता है।

इसके अलावा, ऐसी स्थिति में अफगान और पाकिस्तानी लड़ाकों के अफगानिस्तान स्थित इस्लामिक स्टेट शाखा में शामिल होने की संभावना भी बढ़ सकती है। इस्लामाबाद द्वारा सैन्य हमलों और प्रतिबंधों जैसे दबावपूर्ण उपायों के बीच रूस की प्राथमिकता संघर्ष को समाप्त करना है। उसने दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता की पेशकश भी की है, लेकिन उसका प्रभाव सीमित है। डूरंड रेखा पर अस्थिरता मध्य एशिया, अफगानिस्तान और पाकिस्तान को जोड़कर हिंद महासागर तक संपर्क परियोजनाओं पर असर डाल रही है।

शोध

# सदी का सबसे ताकतवर अल नीनो दे रहा है दस्तक

जनसत्ता संवाद

प्रशांत महासागर में तेजी से बन रही 'अल नीनो' की परिस्थितियां आने वाले हफ्तों में वैश्विक जलवायु और मौसम चक्र को प्रभावित कर सकती हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यह इतिहास के अब तक के सबसे खतरनाक और बड़े अल नीनो में से एक हो सकता है। 'स्टेट यूनिवर्सिटी आफ न्यूयार्क' में मौसम और पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर पाल राउंडी का कहना है, 'इस बात की पूरी आशंका है कि यह पिछले 140 वर्षों का सबसे खतरनाक और सबसे ताकतवर अल नीनो हो सकता है।' अल नीनो के ये हालात पहले से ही तप रही दुनिया की आग में घी डालने का काम करेंगे।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) का मानना है कि बहुत जल्द अल नीनो के हालात बनने वाले हैं और यह कम से कम सर्दियों तक खिंचेगा। इसकी ताकत और समय को देखते हुए, आशंका जताई जा रही है कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में सूखा पड़ेगा, बाढ़ आएगी या भीषण गर्मी झेलनी पड़ेगी। यहां तक कि इससे कई देशों में खाने-पीने के सामान और पानी की भी किल्लत हो सकती है।

अल नीनो कुदरती तौर पर होने वाला ऐसा जलवायु चक्र है जो हर दो से सात साल में अपने आप उभरता है। इसकी शुरुआत तब होती है जब उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर के ऊपर चलने वाली पूर्वी हवाएं (ट्रेड विंड) कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे प्रशांत महासागर में गर्म पानी जमा होने लगता है। गर्म होने वाले पानी का यह इलाका लगभग अमेरिका के बराबर होता है और यह सिर्फ एक ही क्षेत्र में होता है, लेकिन इसका असर पूरी दुनिया में महसूस किया जा सकता है।

'स्टेट यूनिवर्सिटी आफ न्यूयार्क' में मौसम और पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर पाल राउंडी का कहना है, 'इस बात की पूरी आशंका है कि यह पिछले 140 वर्षों का सबसे खतरनाक और सबसे ताकतवर अल नीनो हो सकता है।' विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) का मानना है कि बहुत जल्द अल नीनो के हालात बनने वाले हैं और यह कम से कम सर्दियों तक खिंचेगा। आशंका जताई जा रही है कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में सूखा पड़ेगा, बाढ़ आएगी या भीषण गर्मी झेलनी पड़ेगी।

(फाइल फोटो)

नासा के 'गोडार्ड इंस्टीट्यूट फार स्पेस स्टडीज' के निदेशक गेविन श्मिट ने बताया, 'जब उष्णकटिबंधीय इलाकों के वायुमंडल में बदलाव आता है, तो उसकी वजह से बहुत दूर मध्य-अक्षांश वाले क्षेत्रों का मौसम भी बदल जाता है।' इसका असर अलग-अलग इलाकों में बहुत अलग होता है। कुछ जगहों पर सूखा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है, तो कहीं बाढ़ आने का खतरा पैदा हो जाता है। जिस साल अल नीनो की स्थिति बनती है उस साल मध्य अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के कई इलाके अक्सर ज्यादा गर्म और सूखे हो जाते हैं। इसकी वजह से पानी की जो किल्लत होती है, उसका असर खेती-बाड़ी, बिजली बनाने और पीने के पानी की आपूर्ति पर पड़ता है।

दुनिया के दूसरे हिस्सों में हालात इसके उलट होते हैं। दक्षिण अमेरिका के प्रशांत तट के कुछ इलाकों में, अल नीनो की वजह से जबरदस्त बारिश और विनाशकारी बाढ़ आ सकती है। जंगल की आग भी एक बड़ी चिंता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अल नीनो से भीषण गर्मी और सूखे के हालात का खतरा बढ़ सकता है। इससे आस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका और अमेजन के वर्षावनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ सकती हैं।

उष्णकटिबंधीय तूफानों और चक्रवातों के आने में अल नीनो बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस साल अटलांटिक महासागर में आने वाले तूफानों का मौसम अन्य वर्षों के मुकाबले काफी शांत रहेगा। इसकी वजह यह है कि अल नीनो के हालात अटलांटिक के ऊपर तेज हवाओं की रफ्तार को बढ़ा देते हैं। इससे नए तूफानों का बनना और उनका खतरनाक रूप लेना बहुत मुश्किल हो जाता है।

विश्व परिक्रमा

# संघर्ष और उत्पीड़न से 11.8 करोड़ लोग विस्थापित

जनसत्ता संवाद

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजंसी ने कहा है कि संघर्ष या उत्पीड़न के कारण लोगों का मजबूरी में विस्थापन एक दशक में पहली बार 2025 में कम हुआ। हालांकि, एजंसी ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में चेतावनी दी कि 11.8 करोड़ लोगों का अपने घर या देश छोड़ने के लिए मजबूर होना अब भी चिंताजनक रूप से उच्च स्तर पर है।

एजंसी के अनुसार, 2025 के अंत तक संघर्ष, हिंसा या उत्पीड़न के कारण जबरन विस्थापित हुए लोगों की कुल संख्या 11.78 करोड़ थी। इस आंकड़े में शरणार्थी, शरण चाहने वाले, आंतरिक रूप से विस्थापित और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता वाले अन्य समूह शामिल हैं। यह एक दशक में पहली बार है जब इस आंकड़े में गिरावट आई है।

संयुक्त राष्ट्र की एजंसी के मुख्य सांख्यिकीविद् तारेक अबू चाबाके ने कहा कि इस गिरावट के पीछे अन्य कारणों के साथ-साथ घर लौटने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि और कई शरणार्थियों द्वारा अपने मेजबान देशों की नागरिकता प्राप्त कर लेना शामिल है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मुख्य रूप से संघर्ष के कारण विस्थापितों की संख्या अस्वीकार्य रूप से अधिक है।

दूसरी ओर, रिपोर्ट में हमास पर भी यौन हिंसा के आरोप दोहराए गए, हालांकि जांच के लिए पर्याप्त पहुंच न मिलने की बात कही गई। रिपोर्ट के अनुसार, रूस और रूसी कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में संघर्ष से जुड़े यौन हिंसा के 310 मामले सत्यापित किए गए। वहीं, यूक्रेन में भी 31 मामलों का दस्तावेजीकरण हुआ, लेकिन उसे संयुक्त राष्ट्र की काली सूची में शामिल नहीं किया गया।

जानें-समझें

अमेरिका-ईरान समझौता

# साठ दिनों की अग्निपरीक्षा में परमाणु मुद्दा अहम

जनसत्ता संवाद

अमेरिका और ईरान के लिए शांति समझौते की घोषणा की गई है। 19 जून को करार पर दस्तखत किए जाएंगे। मौजूदा युद्धविराम को 60 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। इस अवधि को समझौते के लिए अग्निपरीक्षा माना जा रहा है। इस दौरान सहमति बिंदुओं के सत्यापन और कार्यान्वयन की पुष्टि दोनों तरफ से की जाएगी। ईरान के परमाणु कार्यक्रम का मुद्दा अहम है। सहमति बनी है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा और अपने परमाणु कार्यक्रम पर यथास्थिति बनाए रखेगा – जिसका अर्थ है कि समझौते पर हस्ताक्षर होने के 60 दिनों में अंतिम समझौते होने तक और संवर्धन नहीं होगा।

### होर्मुज का सवाल

समझौते के बारे में जानकारी देते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति ने 'होर्मुज जलमार्ग को बिना किसी शुल्क के खोलने' की अपनी प्रारंभिक घोषणा को रद्द कर दिया। कहा कि शुक्रवार को समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद जलमार्ग खुल जाएगा। इसके बाद ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने पुष्टि की कि वाशिंगटन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर सहमति बन गई है। माना जा रहा है कि होर्मुज खोलने को लेकर अमेरिका अपनी शर्तें मनवाने में नाकाम रहा है। ईरान समझौते पर हस्ताक्षर होने के तुरंत बाद होर्मुज को सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए खोल देगा, जबकि अमेरिकी नौसेना समझौते अपनी नाकाबंदी हटा लेगी।

### जब्त संपत्तियां और पुनर्निर्माण योजना

समझौते का विस्तृत ब्योरा 19 जून को दस्तखत के बाद जारी किया जाएगा। मसविदे का जो मजमून सामने आया है, उसके मुताबिक अमेरिका (और क्षेत्रीय सहयोगी) ईरान की 24 अरब डालर की जब्त संपत्तियों को जारी करेंगे, अंतिम समझौते तक ईरान पर नए प्रतिबंध नहीं लगाएंगे, तेल प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से माफ करेंगे और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने के 60 दिनों के भीतर ईरान के लिए एक पुनर्निर्माण और विकास योजना (लगभग 300 अरब डालर की) पर बातचीत करेंगे। अमेरिका ईरान के आसपास के क्षेत्रों से सैन्य रूप से पीछे हट जाएगा।

(फाइल फोटो)

होर्मुज से तेल की आवाजाही युद्ध से पहले के स्तर पर तुरंत लौटने की संभावना नहीं है। बड़ी संख्या में फंसे तेल टैंकरों को हटाने, बारूदी सुरंगों को साफ करने और सामान्य तेल आपूर्ति व उत्पादन बहाल करने में कई सप्ताह लग सकते हैं।
*- शशांक, पूर्व विदेश सचिव*

क्या भविष्य में भारत तेल और गैस के लिए अपनी निर्भरता खाड़ी के देशों पर इतनी ही रखेगा या उसे कम करेगा। दरअसल, इस समझौते के लागू होने के बाद उस क्षेत्र में ईरान का दबदबा बढ़ेगा। अगर ईरान ने अपनी शर्तें थोपीं तो मुश्किल होगी। *- अजय बिसारिया, पूर्व राजनयिक*

### राहत की बात

समझौते की घोषणा से कच्चे तेल की वैश्विक कीमतें घटनी शुरू हो गई हैं। भारत को इसका तात्कालिक फायदा मिलेगा और तेल का आयात का बिल घटना शुरू होगा। भारत का ईरान से भी तेल और प्राकृतिक गैस का आयात फिर से शुरू हो जाएगा। पश्चिम एशिया या खाड़ी देशों में नौ से 10 लाख भारतीय रहते हैं। शांति और स्थिरता कायम होने से यहां रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

युद्ध की वजह से भारत को मजबूरन कच्चा तेल और एलएनजी-एलपीजी की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक उपाय ढूंढने पड़ गए थे। भारत बड़ी मात्रा में रूस और वेनेजुएला से तेल मंगवाने लगा है। हालांकि ये तेल सस्ते तो हैं, लेकिन खाड़ी देशों के मुकाबले इनकी ढुलाई की लागत बहुत ज्यादा हो रही है। समुद्री व्यापार में जोखिम से राहत मिलेगी। होर्मुज में एक तरफ अमेरिकी नाकेबंदी और दूसरी तरफ ईरान की सख्ती से यहां से गुजरना जोखिम भरा बन गया था।

### लेबनान मोर्चे का मुद्दा

समझौते की कवायद के बीच इजरायली रक्षा बलों ने बेरूत पर बमबारी की, जिससे ईरान ने जवाबी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी थी। तब ट्रंप का अहम बयान आया कि यह हमला नहीं होना चाहिए था, खासकर ऐसे खास दिन पर जब हम शांति समझौते के इतने करीब हैं। इससे एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया कि लेबनान मोर्चे का ईरान संकट के साथ अटूट संबंध है। इजरायली हमले के बाद अमेरिका अपनी नौसैनिक नाकाबंदी को हटाने की घोषणा करने के लिए मजबूर हो गया। यह वार्ता के लिए ईरान की एक प्रमुख पूर्व शर्त रही, जिसे युद्धविराम की पूरी अवधि के दौरान अमेरिकी अधिकारियों द्वारा लगातार नकारा गया था।

### रणनीतिक उद्देश्य

युद्ध से ईरान को अभूतपूर्व भू-राजनीतिक लाभ प्राप्त हुए, जिससे परमाणु मुद्दे पर ईरान की सौदेबाजी की स्थिति मजबूत हुई। यह समझौता ज्ञापन, जो परमाणु मुद्दे को युद्ध से पहले की स्थिति में, यानी 27 फरवरी की स्थिति में ही रखता है। अमेरिका प्रतिबंधों के जरिए ईरान को वैश्विक आर्थिक व्यवस्था से प्रभावी रूप से बाहर कर दिया है। हाल में आपरेशन मिडनाइट हैमर के दौरान नतान्ज, इस्फहान और फोर्दो में ईरान के परमाणु संवर्धन और प्रसंस्करण ढांचों को गंभीर क्षति पहुंचाई। इससे ईरान का 60% संवर्धित यूरेनियम भंडार मलबे में दब गया। लेकिन ईरान ने होर्मुज पर नियंत्रण और मिसाइलों व ड्रोन के जरिए अमेरिकी बढ़त को कम करने में कामयाबी हासिल की।

*-प्रस्तुति : दीपक रस्तोगी*

व्यक्तित्व

# पारुल चौधरी : पांच हजार मीटर दौड़ में भारत की नई उम्मीद

जनसत्ता संवाद

मेरठ की रहने वाली धाविका पारुल चौधरी ने फ्रांस के नीस शहर में आयोजित प्रतिष्ठित मीटिंग निकाइया-2026 प्रतियोगिता में महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ में अपना ही राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए नया इतिहास रच दिया। उन्होंने 15 मिनट 04.26 सेकंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया और तीन वर्ष पहले बनाए गए अपने राष्ट्रीय रिकार्ड 15 मिनट 10.35 सेकंड को पीछे छोड़ दिया।

पारुल ने वर्ष 2023 में अमेरिका के लास एंजिलिस में 15 मिनट 10.35 सेकेंड का समय निकालकर राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया था। उस समय उन्होंने प्रीजा श्रीधरन के 2010 एशियाई खेलों में बनाए गए 15 मिनट 15.89 सेकंड के 13 वर्ष पुराने रिकार्ड को तोड़ा था। अब उन्होंने अपने रिकार्ड में लगभग छह सेकेंड का सुधार किया है। यह 2026 सत्र में पारुल की पहली 5,000 मीटर प्रतियोगिता थी। पारुल के नाम 5,000 मीटर के अलावा 3,000 मीटर (8:57.19) और 3,000 मीटर स्टीपलचेज (9:12.46) के भी राष्ट्रीय रिकार्ड दर्ज हैं। फ्रांस में किया गया उनका नया प्रदर्शन 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की ओर से निर्धारित मानक 15 मिनट 36.58 सेकेंड से भी बेहतर है, जिससे उन्होंने आगामी एशियाई खेलों के लिए अपनी दावेदारी और मजबूत कर दी है। पारुल अब भारत की भरोसेमंद धाविकाओं में शुमार हो चुकी हैं।

मेरठ के दौराला क्षेत्र के इकलौता गांव की रहने वाली इस एथलीट ने अपने पिता किशनलाल चौधरी के कहने पर दौड़ना शुरू किया था। किशनलाल को याद नहीं कि अपनी छोटी बेटी को स्कूल में दौड़ में भाग लेने के लिए कहने का ख्याल उनके मन में क्यों आया। किसान परिवार में कोई भी खेलकूद में रुचि नहीं रखता था। उन्होंने कभी अपने चार बच्चों-दो लड़कों और दो लड़कियों को खेलकूद में शामिल करने की योजना नहीं बनाई थी। किशनलाल कहते हैं, 'यह एक अचानक आया विचार था। मैं उसके स्कूल में खेल प्रतियोगिता देखने जा रहा था। मैंने पारुल से भाग लेने को कहा। कोई योजना नहीं थी, बस एक पिता ने अपनी बेटी को सुझाव दिया था। मुझे जरा भी अंदाजा नहीं था कि वह एथलेटिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी और विश्व चैंपियनशिप के फाइनल तक पहुंचेगी।'

यह कहानी 2011 की है। पारुल ने अपनी पहली दौड़- 800 मीटर जीती और स्कूल चैंपियन बन गई। पारुल याद करती हैं कि वह नंगे पैर दौड़ी थीं। पारुल के बड़े भाई राहुल चौधरी कहते हैं, हमने पारुल के पदकों को बेहतर ढंग से प्रदर्शित करने के लिए एक बड़ा कमरा बनवाया है। पारुल की बहन प्रीति भी मध्यम दूरी की धावक है और सीआइएसएफ में भर्ती हो चुकी है। राहुल खेतों की देखभाल करते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष मुद्दा उठाने की मांग करते हुए कांग्रेस ने कहा

# नाविकों की मौत पर चुप्पी तोड़ें प्रधानमंत्री

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जून।

'एमटी सेटेबेलो' जहाज पर अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत पर प्रधानमंत्री को चुप्पी तोड़नी चाहिए और इस विषय को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष उठाना चाहिए। सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने यह मांग की है।

संवाददाता सम्मेलन में सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि अमेरिका ने एमटी सेटेबेलो जहाज पर हमला कर तीन भारतीय नाविकों की क्रूर हत्या कर दी। जहाज पर हमला करते वक्त अमेरिका को पता था कि उसमें भारतीय नाविक सवार हैं, इसके बावजूद उसने हमला किया। हमारा इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन हमारे लोगों की हत्या करने का साहस अमेरिका ने किया। इन हत्याओं से पूरा देश गमगीन है।

उन्होंने दावा किया कि नरेंद्र मोदी की सरकार ऐसा कुछ भी नहीं कर पाई और अमेरिका ने माफी या शोक व्यक्त करने के बदले ह्यहमें ही धमका दियाह्न और हत्याओं को जायज ठहराया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ें, राष्ट्र को संबोधित कर इस घटना पर शोक व्यक्त करें और पीड़ित परिवारों से बात करें। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार अमेरिका के सामने अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराए, उससे माफी मांगने को कहे और जरूरत पड़े तो हर उस कूटनीतिक तरीके का इस्तेमाल करे, जिससे अमेरिका को सबक मिले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जितनी देर तक इस मुद्दे पर चुप रहेंगे, उतनी ही देश की संप्रभुता, गौरव और स्वतंत्रता को ठेस पहुंचेगी।

उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र में जो भारतीय जोखिम भरा काम कर रहे हैं, उनकी सुरक्षा की समीक्षा की जाए और जहां पर भी संभव हो, लोगों को देश वापस लाया जाए।

*सुप्रिया* श्रीनेत ने कहा कि इन दर्दनाक मौतों पर प्रधानमंत्री की चुप्पी और सरकार का कायराना रवैया देश की विफल विदेश नीति का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम का नरसंहार हुआ था, तब भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को उचित ठहराने के लिए भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था।

*'तृणमूल को तोड़ने की साजिश गृहमंत्री अमित शाह ने रची'*

तृणमूल कांग्रेस को तोड़ने की साजिश गृह मंत्री अमित शाह द्वारा रची गई और इस कदम का मकसद किसी भी तरह से लोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लिए दो-तिहाई बहुमत जुटाना है। सोमवार को यह दावा कांग्रेस पार्टी ने किया। जयराम रमेश ने कहा कि तेलुगू देशम पार्टी और जनता दल (एकी) को इस प्रयास का विरोध करना चाहिए। रमेश ने 'एक्स' पर लिखा एक हताश केंद्रीय गृह मंत्री, जो सरदार पटेल द्वारा सुशोभित इस पद की गरिमा पर कलंक हैं, ने बेशर्मी की हदें पार करते हुए भारतीय लोकतंत्र को एक नए निम्न स्तर पर पहुंचा दिया है। रमेश ने कहा कि तृणमूल के 20 सांसदों को अवैध रूप से अलग कराने और उनका विलय महज तीन वर्ष पहले गैर-मान्यता प्राप्त दल में कराने की साजिश रची है।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड : भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 जून।

उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित 'वीआइपी' के नाम के खुलासे से जुड़े प्रसारित आडियो-वीडियो की जांच के सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक सुरेश राठौर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

*प्रसारित* वीडियो मामले में सोमवार को पुलिस ने दी मीडिया को दी जानकारी।

पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रमोद कुमार ने बताया कि राठौर को हरिद्वार के बुग्गावाला क्षेत्र स्थित उनके कार्यालय से हिरासत में लिया गया और फिर देहरादून के डालनवाला थाने लाया गया, जिसके बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई राठौर की तीन दिन पहले हुई प्रेस वार्ता के बाद हुई है। राठौर ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा था कि उत्तराखंड हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ बहादराबाद और झबरेड़ा थानों में दर्ज चार प्राथमिकियों में से दो को रद्द कर दिया है। इस मामले से जुड़े आपत्तिजनक आडियो और वीडियो को सोशल मीडिया पर फैलाने के आरोप में राठौर के खिलाफ प्राथमिकियां दर्ज की गई थीं। डालनवाला और नेहरू कालोनी थानों में दर्ज बाकी दो मामलों की जांच अब भी जारी है।

उत्तराखंड हाई कोर्ट ने चार जून को इस मामले में राठौर के खिलाफ दर्ज चार प्राथमिकियों में से दो को रद्द कर दिया था। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकल पीठ ने हालांकि बाकी दो प्राथमिकियों में पुलिस जांच जारी रखने की अनुमति दे दी थी। शिकायतकर्ता दुष्यंत गौतम और आरती गौर ने कहा था कि जो सामग्री फैलाई गई, उसका मकसद जान-बूझकर उनकी बदनामी करना था। इस मामले में सार्वजनिक किए गए वीडियो में राठौर ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखंड प्रभारी गौतम की कथित तौर पर पहचान 'वीआइपी' के तौर पर की थी।

श्रद्धा

हरिद्वार में सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर की पैड़ी पर एकत्र हुए।

# बागियों पर कानूनी कार्रवाई करेगी तृणमूल कांग्रेस

पार्टी ले रही कानूनी सलाह, सुप्रीम कोर्ट में दायर कर सकती है याचिका

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जून।

पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम के बाद तृणमूल कांग्रेस में हुई फूट और सांसद-विधायकों के छोड़ कर जाने के मामले में पार्टी कानूनी कार्रवाई करेगी। पार्टी का दावा है कि सांसद-विधायक ने पार्टी के साथ बगावत की है। यह नियमों के विरुद्ध है। इन मामलों में दल-बदल विरोधी कानून के तहत बागी विधायक-सांसदों की सदस्यता जा सकती है।

पार्टी सांसद सागरिका घोष का दावा है कि संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा चार व और सर्वोच्च न्यायालय के कई फैसले के तहत संसद के भीतर बैठे प्रतिनिधियों की पार्टी नहीं, बल्कि संसद के बाहर मौजूद राजनीतिक दल को पहले विभाजित या विलय होना चाहिए। लेकिन मौजूदा समय में केवल विधायक या सांसद ही टूटे हैं। जबकि ये पार्टी के उम्मीदवार थे। यह सभी संसद या विधानसभा में पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनका छोड़कर जाना या विलय होना पार्टी का विलय माना नहीं जा सकता। तृणमूल कांग्रेस इन पर कार्रवाई करने के लिए कानूनी सलाह ले रही है और सुप्रीम कोर्ट जाएगी।

*संविधान* की दसवीं अनुसूची कहती है कि दल बदल कानून से बचने के लिए दो स्थिति होनी चाहिए। इसमें पहली है कि एक राजनीतिक पार्टी का दूसरे पार्टी में विलय या मिलना होना चाहिए। साथ ही उस पार्टी के दो तिहाई सदस्य को दूसरी पार्टी में शामिल होना होगा।

*बागी सांसदों के मामले में कानूनी राय ले सकते हैं बिरला*

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों के नैशनल सिटिजंस पार्टी आफ इंडिया (एनसीपीआइ) में प्रस्तावित विलय के बाद उन्हें अलग समूह के रूप में मान्यता देने की मांग पर कानूनी राय ले सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि तृणमूल के बागी सांसदों की मांग पर कोई भी फैसला संसद के मानसून सत्र से पहले किया जाएगा, जो सामान्यतः जुलाई के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है। बागी सांसदों की मांग पर निर्णय केंद्रीय विधि मंत्रालय की लिखित राय के आधार पर लिया जाएगा।

# विश्व में 2500 जगहों पर होंगे योग के कार्यक्रम

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जून।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दुनियाभर के ढाई हजार जगहों पर योग दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री कोलकाता के रेड रोड पर योग करेंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का मुख्य राष्ट्रीय समारोह 21 जून को कोलकाता के रेड रोड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा।

सोमवार को केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि आज योग ने सीमाओं, संस्कृतियों और भाषाओं की सीमाओं को पार कर लिया है। यह एक साझा वैश्विक अभियान के रूप में उभरा है। इस बार भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के समन्वय से विदेशों में स्थित 210 से अधिक भारतीय मिशन विश्व भर में लगभग 2500 स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। संस्कृति मंत्रालय देश भर में 100 प्रतिष्ठित स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

उन्होंने कहा कि 14 जून को आयोजित विशेष राष्ट्रव्यापी लाइव योग सत्र में चार लाख से अधिक प्रतिभागियों ने एक साथ भाग लिया। इससे एक नया गिनीज विश्व रिकार्ड बना। यह उपलब्धि साबित करती है कि इस अभियान में जनभागीदारी हर साल नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा कि गंगोत्री से गंगासागरः गंगा तट योग यात्रा के तहत गंगोत्री, हरिद्वार, वाराणसी, पटना, हुगली और गंगासागर सहित विभिन्न स्थानों पर हुए आयोजन से पर्यावरण संरक्षण, नदी संस्कृति और सामुदायिक भागीदारी को जोड़ने का प्रयास किया गया।

जंग खत्म होने का हवाला देकर कांग्रेस ने की मांग

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी वापस हो

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जून।

पश्चिम एशिया में युद्ध खत्म करने के लिए सहमति बनने के बाद अब सरकार को पेट्रोल, डीजल और दूसरे ईंधन की कीमतों में की गई बढ़ोतरी वापस लेनी चाहिए। सोमवार को यह मांग कांग्रेस पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने की। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री इसकी घोषणा फ्रांस से करेंगे या फिर देश लौटकर यह खुशखबरी देंगे?

खेड़ा ने कहा कि कच्चे तेल के दाम कम होंगे। आपूर्ति श्रृंखला सामान्य, मांग स्थिर होगी। इसका फायदा देश के ग्राहकों को भी मिलना चाहिए, मतलब यह कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, एलपीजी और एलएनजी के दामों में की गई बढ़ोतरी को वापस लेना चाहिए। वहीं पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह खबर स्वागत योग्य है कि अमेरिका और ईरान 19 जून को जिनेवा में पश्चिम एशिया में शत्रुता रोकने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे, भले ही पूरी जानकारी अभी आधिकारिक रूप से सार्वजनिक नहीं की गई है। सबको उम्मीद है कि दोनों देश और साथ ही इजराइल भी इस समझौते का पालन करेंगे, भले ही यह अंतरिम प्रकृति का हो, और यह समझौता आगे चलकर अधिक स्थायी सामान्यीकरण का रास्ता खोलेगा।

हार्मुज जलमार्ग के बिना किसी प्रतिबंध के फिर से खुलने से भारत को निश्चित रूप से बड़ी राहत मिलेगी। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद संरचनात्मक समस्याएं जल्द ही दूर हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि ये चिंताएं पश्चिम एशिया में मौजूदा युद्ध से पहले की हैं, जो प्रधानमंत्री की इजराइल यात्रा के सिर्फ दो दिन बाद शुरू हुआ था।

*पवन* खेड़ा ने एक्स पर लिखा कि हमें बताया जा रहा था कि भारत की बेहाल अर्थव्यवस्था की वजह अमेरिका-ईरान की जंग है। उन्होंने कहा कि हर महंगाई, हर गिरावट और हर परेशानी का दोष सरकार की नीतियों पर नहीं, पश्चिम एशिया के तनाव पर था। अब जब जंग खत्म हो गई है, तो प्रधानमंत्री का बहाना भी खत्म हो जाना चाहिए।

# पेपर लीक व्यवस्था की विफलता ही नहीं, लाखों सपनों पर प्रहार : राहुल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जून।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हर पेपर लीक, परीक्षाओं का रद्द होना और अधूरी भर्ती सिर्फ व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि लाखों सपनों पर प्रहार है। ज्ञात हो कि कोटा में राहुल गांधी एक छात्र सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक, भारतीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की आन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली और बेरोजगारी के विषयों पर चर्चा होगी।

सोमवार को राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि देश के हर युवा से मेरी एक बात- आज इस देश में मेहनत का फल नहीं, सपने देखने की सजा मिलती है। हर पेपर लीक, हर रद्द परीक्षा, हर अधूरी भर्ती, सिर्फ सिस्टम की विफलता नहीं, लाखों सपनों पर प्रहार है। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं आप थक चुके हैं और गुस्से में हैं। पर याद रखिए, जब सरकार सुनने को तैयार न हो, तब आवाज ऊंची करनी पड़ती है, इसलिए मैं आप सबको 17 जून को कोटा बुला रहा हूं। यह छात्रों की गूंज है।

उन्होंने कहा कि आइए, मिलकर एक ऐसी हुंकार बनें जिसे अनसुना करना नामुमकिन हो। कोटा से शुरुआत, फिर देश के हर कोने तक। ये आपके भविष्य की लड़ाई है। और मैं आपके साथ हूं।

*पेज 1 का बाकी*

# अमेरिका-ईरान में युद्धांत, खुलेगा होर्मुज

का प्रवाह होने दो।' यह समझौता ऐसे दिन हुआ जब ट्रंप अपना 80वां जन्मदिन मना रहे थे। ट्रंप ने कहा, 'यह समझौता पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा लाएगा। मुझसे पहले कई राष्ट्रपतियों ने ईरान के साथ शांति स्थापित करने की कोशिश की, लेकिन सभी विफल रहे।' उन्होंने कहा, 'क्षेत्र के नेताओं को पहली बार ऐसा राष्ट्रपति मिला है, जो उन्हें वास्तविक शांति दिलाने में मदद कर सकता है। शुक्रवार को समझौते पर हस्ताक्षर होने के साथ ही होर्मुज खोल दिया जाएगा...।' अमेरिका पहले ही संकेत दे चुका था कि होर्मुज के फिर से खुलने के साथ वह ईरानी बंदरगाहों पर लगी नाकेबंदी में ढील देगा। साथ ही, वह प्रतिबंधों को भी नरम करने पर सहमत होगा, ताकि ईरान अधिक मात्रा में तेल बेच सके और युद्ध तथा प्रतिबंधों से प्रभावित अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती दे सके।

ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने सरकारी टेलीविजन पर इस समझौते पर सहमति की पुष्टि की, लेकिन कहा कि ईरान शुक्रवार को औपचारिक हस्ताक्षर होने से पहले इसे लागू करना शुरू नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह सहमति मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे कतर के एक प्रतिनिधि के साथ तेहरान में 14 घंटे से अधिक समय तक चली वार्ता के बाद बनी। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने एक बैनर प्रसारित किया, जिस पर लिखा था, 'अमेरिका युद्ध समाप्त करने के समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर हुआ।'

वार्ता प्रक्रिया से अलग-थलग पड़े इजराइल द्वारा बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमले किए जाने के एक दिन बाद पाकिस्तान ने इस समझौते की घोषणा की। इजराइल ने ईरान समर्थित हिजबुल्ला के खिलाफ अभियान के तहत बेरूत पर हमले किए थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा, 'दोनों पक्षों ने लेबनान समेत सभी मोर्चों पर सैन्य अभियानों को तत्काल और स्थायी रूप से समाप्त करने की घोषणा कर दी है।' उन्होंने कहा कि मध्यस्थ देश इस सप्ताह बैठकों की व्यवस्था करेंगे ताकि तकनीकी स्तर की वार्ताओं की नींव रखी जा सके।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार तड़के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दोनों पक्षों ने लेबनान सहित सभी मोर्चों पर सैन्य अभियानों को तत्काल और स्थायी रूप से समाप्त करने की घोषणा की है। शरीफ ने संघर्ष का कूटनीतिक समाधान खोजने की प्रतिबद्धता के लिए अमेरिका और ईरान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं इस संबंध में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सऊदी अरब और तुर्किये के दूरदर्शी नेतृत्व को भी विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं।

# मणिपुर के कांगपोकपी में गोलीबारी, तीन लोग घायल

जुड़े हथियारबंद लोगों के बीच गोलीबारी हुई। सभी घायल कुकी समुदाय से हैं, जिन्हें सुरक्षा बलों ने इलाज के लिए इंफल स्थित क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) पहुंचाया। अधिकारियों ने बताया कि उनकी पहचान जेन्लेनमांग वैफेई (18), लुनलियंदाव वैफेई (20) और पाओगौ लाल (18) के रूप में हुई है। इस बीच, रिम्स परिसर में उस समय तनाव उत्पन्न हो गया, जब प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने परिसर में इकट्ठा होकर घायल युवकों को भर्ती किए जाने का विरोध किया।

अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों द्वारा अस्पताल भवन में कथित रूप से घुसने की कोशिश करने के बाद सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के कई गोले दागे और लाठीचार्ज किया। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि घायल युवक उग्रवादी हैं और उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कांगपोकपी जिले के कुकी बहुल इलाकों से गुजरने वाले आम नागरिकों के लिए भी इसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल परिसर में अतिरिक्त केंद्रीय बलों की तैनाती की गई हैं और स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में थी। 'आल नगा स्टूडेंट्स' एसोसिएशन, मणिपुर' के नेता टीपी डाइनिंग विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। उन्होंने घायल युवकों को दी जा रही सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था पर सवाल उठाया।

# आरटीआइ अर्जी दायर करना नया धंधा बन गया है : सुप्रीम कोर्ट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जून।

सुप्रीम कोर्ट ने सड़क निर्माण के कार्य में सरकारी कर्मचारी के कर्तव्य निर्वहन में बाधा डालने के आरोपी आरटीआइ कार्यकर्ता और अन्य लोगों को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए सोमवार को कहा कि सरकार से जानकारी मांगने के लिए सूचना का अधिकार (आरटीआइ) कानून के तहत अर्जी दायर करना एक नया धंधा बन गया है।

न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने आरटीआइ कार्यकर्ता राकेश कुमार बहल और उनके सहयोगी की जमानत याचिका खारिज कर दी तथा सड़क निर्माण कार्य की निगरानी करने के उनके अधिकार पर सवाल उठाए।

न्यायमूर्ति मेहता ने कहा, 'आरटीआइ अर्जी दायर करना एक नया धंधा बन गया है। केंद्र सरकार ने निधि जारी कर दी है, यह सड़क निर्माण के कार्य की देखरेख करेगी। आपकी इसमें कोई भूमिका नहीं है। तथाकथित आरटीआई एक्टिविस्ट! याचिका खारिज की जाती है।' न्यायमूर्ति बिश्नोई ने कहा, 'इन सभी सड़कों के निर्माण की निगरानी करने वाले आप कौन होते हैं?'

# रिकार्ड स्तर पर थोक महंगाई, मई में 9.68 फीसद

फीसद थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने आधार वर्ष को 2011-12 से संशोधित कर 2022-23 करने के बाद थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई के आंकड़े सोमवार को जारी किए। नौ साल में पहली बार आधार वर्ष बदला गया है। मंत्रालय ने उत्पादन मूल्य सूचकांक (पीपीआइ) को पहली बार जारी किया है ताकि उत्पादन और कच्चे माल से लेकर तैयार वस्तुओं तक की कीमतों पर नजर रखी जा सके।

ईंधन और बिजली श्रेणी में थोक महंगाई मई में बढ़कर 30.33 फीसद हो गई, जो अप्रैल में 24.89 फीसद थी। कच्चे पेट्रोलियम की महंगाई दर मई में 61.51 फीसद रही, जबकि अप्रैल में यह 56.31 फीसद थी। खाद्य वस्तुओं में मुद्रास्फीति मई में 3.60 फीसद रही, जो अप्रैल में 2.43 फीसद थी। विनिर्मित उत्पादों में महंगाई दर बढ़कर 7.48 फीसद हो गई, जो अप्रैल में 6.68 फीसद थी।

# कांग्रेस को राष्ट्रवादियों से दिक्कत है, चरमपंथी तत्वों से नहीं : भाजपा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जून।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में हिस्सा लेने वाले तीन कुलपतियों की आलोचना करने पर केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन पर सोमवार को जम कर हमला बोला और कांग्रेस पर पाखंड और दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस को राष्ट्रवादियों से दिक्कत है, चरमपंथी तत्त्वों से नहीं।

आरएसएस के शताब्दी समारोह को सरसंघचालक मोहन भागवत ने संबोधित किया था। दरअसल, सतीशन ने शनिवार को तिरुवनंतपुरम में आयोजित आरएसएस के शताब्दी कार्यक्रम में केरल विश्वविद्यालय, महात्मा गांधी विश्वविद्यालय और मलयालम विश्वविद्यालय के कुलपतियों की भागीदारी की आलोचना की थी और इन कुलपतियों से केरल की जनता से माफी मांगने को कहा था।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने एक 'राष्ट्रवादी संगठन' के कार्यक्रम में कुलपतियों के शामिल होने पर आपत्ति जताई है जबकि वह मुसलिम लीग, जमात और एसडीपीआइ जैसे संगठनों का सहयोग लगातार ले रही है। पूनावाला ने एक वीडियो बयान में कहा कि यह पाखंड की हद है। कांग्रेस को इस बात से दिक्कत है कि तीन कुलपति एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यक्रम में शामिल हुए। जबकि वह मुसलिम लीग, जमात और एसडीपीआइ का समर्थन लेती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केरल में मुसलिम लीग के 'पूरी तरह नियंत्रण' वाली कांग्रेस को कट्टरपंथी सोच वाले समूहों और लोगों से कोई दिक्कत नहीं है लेकिन वह राष्ट्रवादी संगठनों को निशाना बनाती है।

भाजपा नेता ने कहा कि उन्हें राष्ट्रवादियों से दिक्कत है लेकिन उन्हें ऐसे लोगों को मंच देने में कोई परेशानी नहीं है जो इस्लामिक रिपब्लिक चाहते हैं या जो नक्सलियों को शहीद कहते हैं। ऐसे लोगों की तारीफ की जाती है और राष्ट्रवादियों को तरह-तरह की धमकियां दी जाती हैं। पूनावाला ने कहा कि आरएसएस से जुड़े कार्यक्रमों में कुलपतियों के शामिल होने पर कोई रोक नहीं है।

# नीट स्नातक की पुनर्परीक्षा के लिए चार लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड किए

नई दिल्ली, 15 जून (ब्यूरो)।

मेडिकल कालेज में दाखिले के लिए 21 जून को फिर से आयोजित हो रही राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए सोमवार सुबह तक चार लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने अपने प्रवेश पत्र राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) की वेबसाइट से डाउनलोड कर लिए थे। एनटीए के अधिकारियों की ओर से यह जानकारी दी गई।

एनटीए ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में अभ्यर्थियों से कहा कि हमें पता है कि आपमें से कुछ लोगों को प्रवेश पत्र पाने में तकनीकी दिक्कतों या सर्वर की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हमारी टीमें इन सभी समस्याओं को हल करने के लिए काम कर रही हैं। हम आपके साथ हैं और यह पक्का करेंगे कि बहुत जल्द सभी उम्मीदवारों को उनके प्रवेश पत्र मिल जाएं। किसी भी तरह की असुविधा के लिए हमें गहरा खेद है।

# समझौते के एलान पर झूमा बाजार, रुपया भी मजबूत

रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.70 प्रति डालर पर खुला। कारोबार के दौरान डालर के मुकाबले 94.45 से 94.77 के दायरे में कारोबार करता रहा। अंत में यह 94.58 प्रति डालर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 60 पैसे की बढ़त है। रुपया शुक्रवार को 95.18 प्रति डालर पर बंद हुआ था। अमेरिकी डालर और अमेरिकी बांड प्रतिफल में गिरावट ने भी रुपए को समर्थन दिया। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डालर की स्थिति को दर्शाने वाला डालर सूचकांक 0.20 फीसद की गिरावट के साथ 99.65 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 4.97 फीसद की गिरावट के साथ 82.99 डालर प्रति बैरल के आसपास रहा।

फॉर्म नं. आईएनसी-26
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
**माननीय क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के समक्ष**
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (अ) के मामले में
और
**सेल्फेक्स मेडिटेशन एकेडमी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** के मामले में, जिसका पंजीकृत कार्यालय के-52, एस/एफ, लाजपत नगर II, दिल्ली-110024 पर स्थित है .....**याचिकाकर्ता**

एतद्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से बदलकर **"हरियाणा राज्य"** में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए दिनांक 08 जून 2026 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत सेल्फेक्स मेडिटेशन एकेडमी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' ("कंपनी") माननीय क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, निदेशालय क (आरडी एनआर-I), कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, **वे अपनी आपत्ति MCA-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत फॉर्म भरकर प्रस्तुत कर सकते हैं** अथवा उसके नीचे दिए गए पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 14 दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति माननीय क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, निदेशालय I (आरडी एनआर-I), कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के पतेः बी-2 विंग, 2री मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली 110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजेः

के-52,एस/एफ, लाजपत नगर II, दिल्ली-110024
आवेदक की ओर से और उनके लिए
**सेल्फेक्स मेडिटेशन एकेडमी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड**
हस्ता./-
**दिनांकः** 15.06.2026 **जयराज इरुदयाराज**
**स्थानः** नई दिल्ली **निदेशक (DIN:** 01508008)
**पताः** के-52,एस/एफ, लाजपत नगर II, दिल्ली-110024

## PUBLIC NOTICE

**TO ALL PERSONS CLAIMING TO BE AN ALLOTTEE IN ALSTONIA APARTMENTS, GREATER NOIDA, UTTAR PRADESH**

In the matter of the Corporate Insolvency Resolution Process of M/s ANS Apartments Private Limited (CIN: U45201DL2004PTC129290) (the "Corporate Debtor"), the National Company Law Tribunal, Principal Bench at New Delhi (Court-III), by its Order dated 09 June 2026 in I.A. (IBC) (Plan) No. 58 (ND) 2024 in CP (IB) No. 1481(PB)/2019, has approved the Resolution Plan submitted by M/s Goldstar Realtors Limited (CIN: U70109DL2007PLC164930) under Section 31 of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 (the "Code").

NOTICE is hereby given, pursuant to Paragraph 7.3 of Part III of the approved Resolution Plan, that:

1. Any person claiming to be an Allottee of a Unit in the project "Alstonia Apartments" situated on Plot No. 10, Sector Pi 1 & 2, Greater Noida, District Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh, and who has not filed his/her claim with the Resolution Professional during the Corporate Insolvency Resolution Process, may submit his/her Claim, in writing, along with all supporting documents (in original or notarised copy), to the RA Representative of the Successful Resolution Applicant within thirty (30) days of the Effective Date, i.e., on or before 09 July 2026.
2. Submission of a Claim pursuant to this Notice shall not be deemed as admission of such Claim and the same shall be subject to verification in accordance with the approved Resolution Plan and applicable provisions of the Code.
3. Claims may be sent in original, by speed-post /email/registered post/courier to the following address. However, Claims submitted only by email shall not be considered unless the same have been verified with the original documents within the prescribed period.

**M/s Goldstar Realtors Limited**
(Successful Resolution Applicant for ANS Apartments Private Limited)
Address: M/s Goldstar Realtors Limited, A Star Ventures Initiative, Ground Floor, Plot No. H 60, Sector 63, Noida, District Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh. PIN 201301
Email: Goldstar.ANS@gmail.com
Phone: +91 88607 68609

4. Any person failing to submit their claim within the aforesaid period shall be dealt with in accordance with the approved Resolution Plan and applicable provisions of the Code.

Sd/-
**For M/s Goldstar Realtors Limited**
*Successful Resolution Applicant*
**Date:** 16 June 2026
**Place:** New Delhi

**नेशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल, इलाहाबाद बेंच, प्रयागराज के समक्ष**
कंपनी याचिका सं. सीपी (सीएए) सं. 15/एएलडी/2026
से संबंधित
कंपनी आवेदन सं. सीए (सीएए) सं. 8/एएलडी/2026
कम्पनी अधिनियम, 2013 के विषय में
और
कथित अधिनियम की धारा 230 से 232 के अंतर्गत एक याचिका
और
स्वस्तिक फॉम्युर्लेशन प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित एक कंपनी जिसका पंजीकृत कार्यालय जी टी रोडडुलिपुर चंदौली, उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश-232201, उपरोक्त अधिकार क्षेत्र के भीतर है। CIN: U24231UP1989PTC010662
और
के मामले में:
पांडे लीजिंग प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित एक कंपनी जिसका पंजीकृत कार्यालय बी 1/84-पी रवींद्रपुरी एक्सटेंशन, वाराणसी, उत्तर प्रदेश- 221005 में है, उपरोक्त अधिकार क्षेत्र के भीतर। CIN: U65921UP1991PTC013295
और
के मामले में:
वरुण बायोसेल प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित एक कंपनी जिसका पंजीकृत कार्यालय बी 1/84-पी रवींद्रपुरी एक्सटेंशन, वाराणसी, उत्तर प्रदेश- 221005 में है, उपरोक्त अधिकार क्षेत्र के भीतर है। CIN: U24221UP1999PTC024554
और
के मामले में:
वरुणा हर्बो बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित एक कंपनी जिसका पंजीकृत कार्यालय बी 1/84-पी रवींद्रपुरी एक्सटेंशन, वाराणसी, उत्तर प्रदेश- 221005, उपरोक्त अधिकार क्षेत्र के भीतर है। CIN: U24221UP1989PTC011206
और
के मामले में:
1. स्वस्तिक फॉम्युर्लेशन प्राइवेट लिमिटेड
2. पांडे लीजिंग प्राइवेट लिमिटेड
3. वरुणा बायोसेल प्राइवेट लिमिटेड
4. वरुणा हर्बो बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड
.....आवेदक/याचिकाकर्ता

**सूचना [फॉर्म एनसीएलटी 3ए]**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 के अधीन पांडे लीजिंग प्राइवेट लिमिटेड, वरुणा बायोसेल प्राइवेट लिमिटेड, वरुणा हर्बो बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ स्वस्तिक फॉम्युर्लेशन प्राइवेट लिमिटेड की समायोजन की योजना की मंजूरी प्राप्त करने के लिए उपरोक्त नामित याचिकार्ताओं ने याचिका प्रस्तुत की थी तथा कथित याचिका माननीय ट्रिब्यूनल के समक्ष 6 **अगस्त**, 2026 को सुनवाई के लिए निश्चित हुई है। कथित याचिका का समर्थन या विरोध करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति को याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को उसके आशय की सूचना, उसके या उसके अधिवक्ता द्वारा हस्ताक्षरित, उसके नाम और पते के साथ याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को याचिका की सुनवाई के लिए तय तारीख से दो दिन पहले भेजना चाहिए। जहां आप कथित याचिका का विरोध करना चाहते है, निषेध के कारणों या शपथपत्र की प्रति को ऐसे नोटिस के साथ प्रस्तुत करना चाहिए। याचिका की प्रति अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रति के इच्छुक किसी व्यक्ति को उसके के लिए निर्धारित प्रभारों की अदायगी पर प्रस्तुत की जाएगी।

**तारीखः** 15 जून, 2026
**स्थानः** वाराणसी **जाना रंजन ढल**
**(याचिकाकर्ताओं के वकील)**
12, चांदी घोष रोड, कोलकाता- 700040
मोबाइलः 9831533102,
ईमेलः legaljrd1@gmail. com

**प्रपत्र संख्या INC-26 [कंपनियाँ (निगमन) नियम, 2014 के नियम 28 के अनुसरण में] केंद्रीय सरकार के समक्ष क्षेत्रीय निदेशक (उत्तरी क्षेत्र)**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 12 की उपधारा (5) तथा कंपनियाँ (निगमन) नियम, 2014 के नियम 28 के मामले में **तथा**
के मामले **गो-ग्लोबल इमिग्रेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड**
**(CIN: U79110DL2024PTC432442)**
**जिसका पंजीकृत कार्यालय 72, प्रथम तल, दयानंद विहार, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली – 110092 पर स्थित है।**
**....याचिकाकर्ता कंपनी**

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 12(5) के अंतर्गत केंद्रीय सरकार के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें अपने पंजीकृत कार्यालय को कंपनी रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली-I के अधिकार क्षेत्र से कंपनी रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली-II के अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने की पुष्टि प्राप्त करने का अनुरोध किया जाएगा। यह प्रस्ताव सोमवार, 01 जून, 2026 को आयोजित असाधारण सामान्य सभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसरण में किया जा रहा है। कंपनी का प्रस्तावित नया पंजीकृत कार्यालय निम्नानुसार होगा: द्वितीय तल, 212, भवन संख्या 7, सुनेजा टॉवर-1, जनकपुरी, नई दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली – 110058। कोई भी व्यक्ति, जिसके हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना हो, वह **MCA-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) (http://www.mca.gov.in)** पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करके अथवा अपने हित की प्रकृति तथा विरोध के आधारों का उल्लेख करते हुए शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियाँ क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, के पते – बी-2 विंग, द्वितीय तल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली – 110003 पर इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकता है, प्रस्तुत करवाने का कारण बन सकता है अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है। उक्त आपत्तियों की एक प्रति नीचे उल्लिखित पते पर आवेदक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में भी भेजी जानी चाहिए:
**"72, प्रथम तल, दयानंद विहार, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली – 110092"**

**गो-ग्लोबल इमिग्रेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से**
**संगीता खुराना (निदेशक)**
**DIN: 10660047**
**पता: 72, प्रथम तल, दयानंद विहार, पूर्वी दिल्ली – 110092,**
**स्थान: दिल्ली दिल्ली, भारत**
**दिनांक: 16/06/2026**

## सार्वजनिक सूचना

(दिवालियापन और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 102 (1) और (2) के तहत)

**श्रीमती पार्वती सेनगुप्ता के व्यक्तिगत गारंटर के लेनदारों के ध्यानार्थ**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | देनदार/व्यक्तिगत गारंटर का नाम | श्रीमती पार्वती सेनगुप्ता, मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड की व्यक्तिगत गारंटर, |
| 2 | देनदार/व्यक्तिगत गारंटर का पता | एसएमएस हाउस, दूसरी मंज़िल, ई –1/4, सेक्टर 7, रोहिणी, नई दिल्ली 110085 साथ ही: सी –301, सुशांत लोक–1, सेक्टर 43, गैलेरिया डीएलएफ – IV, गुड़गांव, हरियाणा–122009 |
| 3 | कॉर्पोरेट के देनदारों/व्यक्तिगत गारंटरों के संबंध में आदेश और दिवाला प्रक्रिया शुरू होने की तारीख का विवरण | आईबीसी , 2016 की धारा 100 (1) के तहत आदेश और आईबीसी, 2016 की धारा 95 (1) के तहत याचिका 12.06.2026 को स्वीकार की गई थी। 12.06.2026 के आदेश की कॉपी 14.06.2026 को मिली। |
| 4 | संकल्प पेशेवर के तौर पर काम कर रहे संकल्प पेशेवर का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | राहुल जिंदल<br>श्रीमती पार्वती सेनगुप्ता,<br>मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड की व्यक्तिगत गारंटर<br>आईबीबीआई पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P-02649/2021-2022/14048 |
| 5 | बोर्ड के साथ पंजीकृत संकल्प पेशेवर का पता और ईमेल | पता: 6772/2, चौथी मंज़िल, देव नगर, डीबी गुप्ता रोड, बाली नर्सिंग होम के सामने, करोल बाग, नई दिल्ली – 110005<br>ई–मेल: jindalrahul60@gmail.com |
| 6 | संकल्प पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ईमेल | पता: 6772/2, चौथी मंज़िल, देव नगर, डीबी गुप्ता रोड, बाली नर्सिंग होम के सामने, करोल बाग, नई दिल्ली – 110005<br>ई–मेल: parbatisengupta.pg@gmail.com 2019 का फॉर्म बी |
| 7 | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 10.07.2026 |
| 8 | दावे दाखिल करने के लिए प्रासंगिक प्रपत्र यहां उपलब्ध हैं: | इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (कॉर्पोरेट देनदारों के पर्सनल गारंटर्स के लिए इन्सॉल्वेंसी रिज़ॉल्यूशन प्रोसेस) रेगुलेशंस का "फॉर्म बी"<br>वेब लिंक: https://www.ibbi.gov.in/home/downloads |

तद्द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली ने सीपी सं.: आईबी 788 (पीबी)/2024 में 13.12.2024 के आदेश के तहत श्री राहुल जिंदल को रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल नियुक्त किया और उन्हें आईबीसी , 2016 की धारा 99 के तहत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड की पर्सनल गारंटर श्रीमती पार्वती सेनगुप्ता के मामले में आईबीसी, 2016 की धारा 100 (1) के तहत आदेश और धारा 95 (1) के तहत याचिका 12.06.2026 को स्वीकार की गई थी। 12.06.2026 के आदेश की प्रति 14.06.2026 को प्राप्त हुई थी।

मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड की पर्सनल गारंटर श्रीमती पार्वती सेनगुप्ता के लेनदारों से अनुरोध है कि वे अपने दावे सबूत के साथ 10 जुलाई, 2026 को या उससे पहले, प्रविष्टि नंबर 6 के सामने दिए गए पते पर संकल्प पेशेवर के पास जमा करें।

लेनदार इलेक्ट्रॉनिक संचार, कूरियर, स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से दावों का विवरण भेजकर संकल्प पेशेवर के पास सबूत के साथ अपने दावे जमा करेंगे।

झूठे या भ्रामक दावे के प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

**हस्ताक्षर/–**
**राहुल जिंदल**
**मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड की व्यक्तिगत गारंटर श्रीमती पार्वती सेनगुप्ता का संकल्प पेशेवर**
**स्थान: नई दिल्ली, आईबीबीआई पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P-02649/2021-2022/14048**
**दिनांक : 16.06.2026 (एएफए 30.06.2027 तक मान्य)**

## सार्वजनिक सूचना

**(दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 102(1) और (2) के तहत)**

**श्री मनिमय सेनगुप्ता, व्यक्तिगत गारंटर के लेनदारों के ध्यानार्थ**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऋणधारक/ व्यक्तिगत गारंटर का नाम | **श्री मनिमय सेनगुप्ता, मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लि. के व्यक्तिगत गारंटर** |
| 2. | ऋणधारक / व्यक्तिगत गारंटर का पता | एसएमएस हाउस, 2री मंजिल, ई–1/4, सेक्टर 07, रोहिणी, नई दिल्ली 110085<br>अन्य पता; सी-301, सुशांत लोक-1, सेक्टर 43 गुड़गांव, हरियाणा–122009 |
| 3. | कॉर्पोरेट ऋणधारक के व्यक्तिगत गारंटर के संबंध में आदेश और दिवाला शुरू होने की तिथि का विवरण | आईबीसी, 2016 की धारा 100(1) के तहत आदेश और आईबीसी, 2016 की धारा 95(1) के तहत याचिका को दिनांक 12.06.2026 को स्वीकार किया गया था। दिनांक 12.06.2026 के आदेश की प्रति 14.06.2026 को प्राप्त हुई। |
| 4. | दिवाला पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या जो समाधान पेशेवर के रूप में कार्य कर रहे हैं | राहुल जिंदल<br>श्री मनिमय सेनगुप्ता, मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लि. के व्यक्तिगत गारंटर<br>आईबीबीआई पंजी. सं.: IBBI/IPA-001/IP-P-02649/2021-2022/14048 |
| 5. | समाधान पेशेवर का पता और ई–मेल, जैसा कि बोर्ड के पास पंजीकृत है | पता: 6772/2, 4थी मंजिल, देव नगर, डीबी गुप्ता रोड, बाली नर्सिंग होम के सामने, करोल बाग, नई दिल्ली-110005<br>ई–मेल: jindalrahul60@gmail.com |
| 6. | समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उ पयोग किया जाने वाला पता और ई–मेल | **पता:** 6772/2, 4थी मंजिल, देव नगर, डीबी गुप्ता रोड, बाली नर्सिंग होम के सामने, करोल बाग, नई दिल्ली-110005<br>**ई–मेल:** manimaysengupta.pg@gmail.com |
| 7. | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 07/10/26 |
| 8. | प्रासंगिक फॉर्म जिसमें दावा दायर किया जाना है, यहाँ उपलब्ध हैं: | भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट ऋणधारक के व्यक्तिगत गारंटरों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2019 का फॉर्म बी<br>**वेब लिंक:** https://www.ibbi.gov.in/home/downloads |

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, प्रधान पीठ, नई दिल्ली ने श्री राहुल जिंदल को समाधान पेशेवर नियुक्त किया है और आरपी को सीपी (आईबी) सं. 790 (एनडी)/2024 में दिनांक 3.12.2024 के आदेश द्वारा आईबीसी, 2016 की धारा 99 के तहत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। आईबीसी, 2016 की धारा 100(1) के तहत आदेश और आईबीसी, 2016 की धारा 95(1) के तहत याचिका को दिनांक 12.06.2026 को मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर श्री मनिमय सेनगुप्ता के खिलाफ स्वीकार किया गया था। दिनांक 12.06.2026 के आदेश की प्रति 14.06.2026 को प्राप्त हुई थी।

मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर, श्री मनिमय सेनगुप्ता के लेनदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे प्रविष्टि सं. 6 के सामने उल्लिखित पते पर समाधान पेशेवर के पास 10 जुलाई, 2026 को या उससे पहले सबूतों के साथ अपने दावे प्रस्तुत करें।

लेनदार इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से या कूरियर, स्पीड पोस्ट या पंजीकृत पत्र के माध्यम से दावों का विवरण भेजकर समाधान पेशेवर के पास सबूत के साथ अपने दावे जमा करेंगे।

झूठे या भ्रामक दावे के सबूत प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जा सकता है।

हस्ता./-
राहुल जिंदल
श्री मनिमय सेनगुप्ता, मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड
के व्यक्तिगत गारंटर के समाधान पेशेवर
**स्थानः** नई दिल्ली **आईबीबीआई पंजी. सं.: IBBI/IPA-001/IP-P-02649/2021-2022/14048**
**दिनांकः** 16.06.2026 **(एएफए की वैधताः 30.06.2027 तक)**

## सार्वजनिक सूचना

(ऋणशोधनाक्षमता एवं दिवालिया संहिता, 2016 की धारा 102(1) तथा 2 के अंतर्गत)

**श्री मुनेन्द्र कुमार सिंह, व्यक्तिगत गारंटर के ऋणदाताओं के ध्यानार्थ**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऋणकर्ता/व्यक्तिगत गारंटर का पता | **श्री मुनेन्द्र कुमार सिंह, मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर** |
| 2. | ऋणकर्ता/व्यक्तिगत गारंटर का पता कॉर्पोरेट के ऋणकर्ताओं / | एसएमएस हाउस, द्वितीय तल, ई–1/4, सेक्टर 7, रोहिणी, नई दिल्ली 110085, पता यहाँ पर भी : 11, सद्गुरुकृपा, शुभांगी नगर, नंबर 1, एचपी पेट्रोल पंप के पीछे, बेसा, नागपुर, महाराष्ट्र – 440037 |
| 3. | व्यक्तिगत गारंटरों के संबंध में आदेश और ऋणशोधनाक्षमता आरंभ होने की तिथि का विवरण | आईबीसी, 2016 की धारा 100 (1) के अंतर्गत आदेश तथा आईबीसी, 2016 की धारा 95 (1) के अंतर्गत याचिका को 12.06.2026 को स्वीकार किया गया था। तिथि 12.06.2026 के आदेश की प्रति 14.06.2026 को प्राप्त हुई |
| 4. | समाधान व्यवसायी के रूप में कार्य कर रहे ऋणशोधनाक्षमता व्यवसायी का नाम और पंजीकरण संख्या | राहुल जिंदल<br>श्री मुनेन्द्र कुमार सिंह,<br>मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर<br>आईबीबीआई पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-001/IP-P-02649/2021-2022/14048 |
| 5. | बोर्ड के साथ पंजीकृतानुसार समाधान व्यवसायी का पता और ई–मेल | पता : 6772/2, चतुर्थ तल, देव नगर, डीबी गुप्ता रोड, बाली नर्सिंग होम के सामने, करोल बाग, नई दिल्ली – 110005<br>ई–मेल : jindalrahul60@gmail.com |
| 6. | समाधान व्यवसायी के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई–मेल | पता : 6772/2, चतुर्थ तल, देव नगर, डीबी गुप्ता रोड, बाली नर्सिंग होम के सामने, करोल बाग, नई दिल्ली – 110005<br>ई–मेल : shrimunendrakumarsingh.pg@gmail.com |
| 7. | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 10 जुलाई, 2026 |
| 8. | प्रासंगिक प्रपत्र जिसमें दावा प्रस्तुत किया जाना है, यहाँ उपलब्ध हैं : | भारतीय ऋणशोधनाक्षमता एवं दिवालिया बोर्ड (कॉर्पोरेट ऋणकर्ताओं के व्यक्तिगत गारंटरों के लिए ऋणशोधनाक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली 2019 का प्रपत्र बी<br>वेब लिंक : https://www.ibbi.gov.in/home/downloads |

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधिक न्यायाधिकरण, प्रधान न्यायपीठ, नई दिल्ली ने श्री राहुल जिंदल को समाधान व्यवसायी नियुक्त किया है तथा आरपी को सीपी नं. आईबी 784 (एनडी)/2024 के अंतर्गत तिथि 13.12.2024 के आदेश के माध्यम से आईबीसी, 2016 की धारा 99 के अंतर्गत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। आईबीसी, 2016 की धारा 100 (1) के अंतर्गत आदेश तथा आईबीसी, 2016 की धारा 95 (1) के अंतर्गत याचिका को 12.06.2026 को श्री मुनेन्द्र कुमार सिंह, मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर के संबंध में स्वीकार किया गया था तथा तिथि 12.06.2026 के आदेश की प्रति 14.06.2026 को प्राप्त हुई थी।

मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर, श्री मुनेन्द्र कुमार सिंह के ऋणदाताओं को एतद्द्वारा प्रविष्टि संख्या 6 के सामने उल्लिखित पते पर समाधान व्यवसायी के पास 10 जुलाई, 2026 को या उससे पहले साक्ष्य के साथ अपने दावे प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।

ऋणदातागण, इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से या कूरियर, स्पीड पोस्ट या पंजीकृत पत्र के माध्यम से दावों का विवरण भेजकर समाधान व्यवसायी के पास साक्ष्य के साथ अपने दावे प्रस्तुत करेंगे। दावे के झूठे या भ्रामक साक्ष्य प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

हस्ता./–
राहुल जिंदल
श्री मुनेन्द्र कुमार सिंह के समाधान व्यवसायी
**स्थान : नई दिल्ली मैसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर**
**तिथि : 16–06–2026 आईबीबीआई पंजी. सं.: IBBI/IPA-001/IP-P-02649/2021-2022/14048**
**(एएफए 30.06.2027 तक वैध)**

## सार्वजनिक सूचना

**(दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 102(1) एवं (2) के अंतर्गत)**

**श्री सुधीर नारायण राव मोडक, व्यक्तिगत गारंटर के लेनदारों के ध्यानार्थ**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | देनदार/व्यक्तिगत गारंटर का नाम | **श्री सुधीर नारायण राव मोडक, मेसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर** |
| 2 | देनदार/व्यक्तिगत गारंटर का पता | एसएमएस हाउस, दूसरी मंजिल, ई–1/4, सेक्टर 7, रोहिणी, नई दिल्ली 110085। साथ ही यहाँ भी: 11, सद्गुरुकृपा, शुभांगी नगर, नंबर 1, एचपी पेट्रोल पंप के पीछे, बेसा, नागपुर, महाराष्ट्र– 440037 |
| 3 | कॉर्पोरेट देनदार से जुड़े देनदारों/व्यक्तिगत गारंटरों के मामले में ऑर्डर और दिवालियापन प्रक्रिया शुरू होने की तारीख का विवरण | आईबीसी, 2016 की धारा 100 (1) के तहत और आईबीसी, 2016 की धारा 95 (1) के तहत याचिका 12.06.2026 को स्वीकार की गई थी। 12.06.2026 के ऑर्डर की कॉपी 14.06.2026 को मिली। |
| 4 | रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत इनसॉल्वेंसी प्रोफेशनल का नाम और पंजीकरण संख्या | राहुल जिंदल<br>श्री सुधीर नारायण राव मोडक,<br>**मेसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड** के व्यक्तिगत गारंटर<br>आईबीबीआई पंजीकरण संख्या IBBI/IPA-001/IP-P-02649/2021-2022/14048 |
| 5 | बोर्ड के पास रजिस्टर्ड रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल का पता और ईमेल | पता: 6772/2, चौथी मंजिल, देव नगर, क्व गुप्ता रोड, बाली नर्सिंग होम के सामने, करोल बाग, नई दिल्ली – 110005<br>ईमेल: jindalrahu160@gmail.com |
| 6 | रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल के साथ बातचीत के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पता और ईमेल | पता: 6772/2, चौथी मंजिल, देव नगर, क्व गुप्ता रोड, बाली नर्सिंग होम के सामने, करोल बाग, नई दिल्ली – 110005<br>ईमेल: sudhimaraynarmodak.pg@gmail.com |
| 7 | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 10 जुलाई 2026 |
| 8 | दावा दायर करने के लिए प्रासंगिक प्रपत्र यहां उपलब्ध हैं: | इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (कॉर्पोरेट देनदारों के पर्सनल गारंटर्स के लिए इन्सॉल्वेंसी रिज़ॉल्यूशन प्रोसेस) रेगुलेशंस, 2019 का फॉर्म बी<br>**वेब लिंक:**<br>**https://www.ibbi.gov.in/home/downloads** |

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, प्रधान पीठ, नई दिल्ली ने श्री राहुल जिंदल को समाधान पेशेवर के रूप में नियुक्त किया है तथा आरपी को आईबीसी, 2016 की धारा 99 के अंतर्गत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है, जो आदेश दिनांक 13.12.2024 द्वारा सीपी संख्याः IB 789 (PB)/2024 में दिया गया था। आईबीसी, 2016 की धारा 100 (1) के अंतर्गत आदेश तथा आईबीसी, 2016 की धारा 95 (1) के अंतर्गत याचिका को 12.06.2026 को स्वीकार कर लिया गया था। श्री सुधीर नारायण राव मोडक, मेसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर हैं। दिनांक 12.06.2026 के आदेश की प्रति 14.06.2026 को प्राप्त हुई।

श्री सुधीर नारायण राव मोडक, मेसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर के ऋणदाताओं से एतद्द्वारा आह्वान किया जाता है कि वे अपने दावे प्रमाण सहित 10 जुलाई, 2026 को या उससे पहले, प्रविष्टि संख्या 6 के सामने उल्लिखित पते पर समाधान पेशेवर को प्रस्तुत करें।

ऋणदाता अपने दावों का प्रमाण सहित, समाधान पेशेवर के समक्ष प्रस्तुत करेंगे, जिसके लिए वे दावों का विवरण इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से या कूरियर, स्पीड पोस्ट या पंजीकृत पत्र द्वारा भेजेंगे।

दावे के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

**हस्ता./–**
**राहुल जिंदल**
**श्री सुधीर नारायण राव मोडक के समाधान पेशेवर, ,**
**मेसर्स एसएमएस पर्यावरण लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर,**
स्थानः नई दिल्ली **IBBI पंजीकरण संख्या IBBI/IPA-001/IP-P-02649/2021-2022/14048**
दिनांकः 16.06.2026 **(AFA 30-06-2027 तक वैध)**

## PUBLIC NOTICE

**Notice** is hereby given to the General Public that **Anlight Consulting Services Private Limited** (the Company) proposes to make an Application to the Central Government through the office of the Regional Director-I, Northern Region, Ministry of Corporate Affairs, New Delhi under section 13 of the Companies Act, 2013, read with Rule 30 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014, and other applicable provisions, if any, seeking confirmation of alteration of Clause II of its Memorandum of Association in terms of the Special Resolution passed in the Extra Ordinary General Meeting held on Tuesday, 16th June, 2026, to enable the Company to change its registered office from the NCT of Delhi to State of Haryana.

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of registered office of the Company may deliver either on the MCA-21 portal (www.mca.gov.in) by filing Investor Complaint Form or cause to be delivered or send by registered post of his/her objections supported by an affidavit, stating the nature of his/her interest and grounds of opposition to the Regional Director-I, Northern Region, Ministry of Corporate Affairs, B-2 Wing, 2nd floor, Pt. Deendayal Antyodaya Bhawan, 2nd floor, CGO Complex, New Delhi-110003 (e-mail: rd.north@mca.gov.in), within 14 days from the date of publication of this notice, with a copy to the Applicant Company at its Registered Office address mentioned above.

**For Anlight Consulting Services Private Limited**
**Sd/-**
**Anoop Handa**
**Managing Director**
**DIN: 06752636**
**Date: 16.06.2026**
**Place: Delhi**

## GROVY
GROVY TOGETHER, WE GROW

**ग्रोवी इंडिया लिमिटेड**
**CIN : L74130DL1985PLC021532**
**पंजीकृत कार्यालय :** 122, प्रथम तल, विनोबापुरी, लाजपत नगर पार्ट-II, नई दिल्ली – 110024
**वेबसाइट :** www.grovyindia.com | **ई-मेल :** grovyindia@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**
**ग्रोवी इंडिया लिमिटेड की 41वीं वार्षिक आम

## यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा परिणाम घोषित किया, 13300 से अधिक उम्मीदवार सफल

नई दिल्ली, 15 जून (भाषा)।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सोमवार को सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिसमें कुल 13,343 उम्मीदवार सफल हुए हैं। यह प्रारंभिक परीक्षा 24 मई को आयोजित की गई थी।

यूपीएससी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इस वर्ष सिविल सेवा परीक्षा, 2026 के लिए अधिसूचित 1,016 रिक्तियों के मुकाबले कुल 13,343 उम्मीदवारों को सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2026 के लिए चयनित किया गया है। पिछले वर्ष (2025) की सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा के लिए 1,087 रिक्तियों के मुकाबले 14,161 उम्मीदवारों को चयनित किया गया था।

यूपीएससी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस), भारतीय विदेश सेवा (आइएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) सहित अन्य अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों का चयन करने के लिए हर वर्ष तीन चरणों प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है।

# भारत और अमेरिका व्यापार समझौते पर अगले सप्ताह करेंगे बातचीत

### अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर 23-24 जून को पीयूष गोयल के साथ करेंगे वार्ता

नई दिल्ली, 15 जून (भाषा)।

अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर अगले सप्ताह भारत की यात्रा पर आएंगे। इस दौरान वह 23-24 जून को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, उम्मीद है कि चर्चा का केंद्र समझौता रूपरेखा को अंतिम रूप देना होगा, जिस पर उनके (अमेरिकी) प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा के दौरान विचार-विमर्श हुआ था। इसके साथ ही व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर भी चर्चा होगी, जिस पर दोनों पक्षों के बीच लगातार बातचीत जारी है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के 22 जून को नई दिल्ली पहुंचने की संभावना है। इससे पहले, प्रमुख वार्ताकार ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अमेरिकी दल ने दो से चार जून को भारतीय अधिकारियों के साथ समझौते को अंतिम रूप देने के मकसद से बातचीत की थी।

गोयल ने पांच जून को कहा था कि भारत और अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े सभी अधूरे मुद्दों को सुलझाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं तथा अगले महीने के मध्य तक इस समझौते का पहला चरण लागू हो जाने की संभावना है। मुख्य वार्ताकारों के स्तर पर दोनों पक्षों ने कई मुद्दों पर चर्चा की, वस्तु व्यापार, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क उपायों और कारोबार सुगमता, आर्थिक सुरक्षा समन्वय तथा पारस्परिक हित के अन्य मुद्दे शामिल थे। भारत और अमेरिका ने सात फरवरी को बीटीए के पहले चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप देते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया था।

रूपरेखा में अमेरिका ने भारत पर शुल्क 50 फीसद से घटाकर 18 फीसद करने पर सहमति जताई थी और रूसी तेल खरीद से जुड़े 25 फीसद शुल्क को भी हटा दिया था। बाकी शुल्क को भी घटाकर 18 फीसद करने का प्रस्ताव रखा गया था। लेकिन, 20 फरवरी को अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक जवाबी शुल्क के खिलाफ फैसला सुनाया।

### भारत-ब्रिटेन के बीच प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप में सहयोग पर चर्चा

नई दिल्ली, 15 जून (भाषा)।

भारत और ब्रिटेन के व्यापार मंत्रियों ने नवाचार, शोध, स्टार्टअप और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर द्विपक्षीय बैठक की।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यवसाय मंत्री पीटर काइल के साथ आनलाइन बैठक हुई। इस दौरान नवाचार, शोध, स्टार्टअप और उभरती प्रौद्योगिकियों में भारत-ब्रिटेन सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई।

## खबर कोना

*केंद्रीय* मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को नई दिल्ली में माइंडमाइन समिट 2026 कार्यक्रम में बोलती हुईं।

### भाजपा की बैठक में संगठनात्मक मुद्दों और वर्तमान राजनीतिक हालात पर हुई चर्चा

नई दिल्ली, 15 जून (ब्यूरो)।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक हुई। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में संगठनात्मक मुद्दों और वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की गई। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में नितिन नवीन और राजनाथ सिंह के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष, पूर्व अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कुछ पदाधिकारी भी शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम की घोषणा और केंद्रीय मंत्रिमंडल का विस्तार इसी महीने होने की संभावना है।

### निर्यात मई में 45.2 अरब डालर के छह माह के उच्च स्तर पर, व्यापार घाटा बढ़ा

नई दिल्ली, 15 जून (भाषा)।

देश का निर्यात मई में 18 फीसद बढ़कर छह महीने के उच्च स्तर 45.2 अरब अमेरिकी डालर पर पहुंच गया। वहीं कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच पेट्रोलियम उत्पादों के आयात में वृद्धि से व्यापार घाटा 28.21 अरब डालर तक बढ़ गया। मासिक आधार पर हालांकि व्यापार घाटा अप्रैल के 28.38 अरब डालर से मामूली घटा है। पिछले वर्ष मई में व्यापार घाटा 21.88 अरब डालर था। आयात मई में सालाना आधार पर 10 फीसद बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 73.41 अरब डालर पर पहुंच गया, जिससे पिछले वर्ष की तुलना में व्यापार घाटा और बढ़ गया।

### देश में बेरोजगारी दर मई में मामूली रूप से घटकर 5.5 फीसद रही

नई दिल्ली, 15 जून (भाषा)।

देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी की दर मई, 2026 में मामूली रूप से घटकर 5.5 फीसद रह गई, जो एक साल पहले 5.6 फीसद थी। सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण से यह जानकारी सामने आई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की तरफ से जारी सर्वेक्षण आंकड़ों के मुताबिक, बेरोजगारी दर सालाना आधार पर भले ही कम हुई है लेकिन अप्रैल, 2026 के 5.2 फीसद के मुकाबले इसमें कुछ बढ़ोतरी हुई है। सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर मई में बढ़कर 5.1 फीसद हो गई, जो अप्रैल में 4.6 फीसद थी।

### स्कूल पुस्तक में 'डांसिंग गर्ल' की मूल तस्वीर प्रकाशित करेगी 'एनसीईआरटी'

नई दिल्ली, 15 जून (भाषा)।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने नौवीं कक्षा की नई पाठ्यपुस्तक में 'डांसिंग गर्ल' के नाम से प्रसिद्ध मोहनजोदड़ो की कांस्य प्रतिमा के निर्वस्त्र धड़ को ढका हुआ दिखाए जाने को लेकर हुई आलोचना के बाद मूल प्रतिमा की तस्वीर प्रकाशित करने का फैसला लिया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे प्रसिद्ध पुरातात्विक कलाकृतियों में से एक 'डांसिंग गर्ल' के चित्रण को लेकर बहस छिड़ गई है।

# पहली बार उत्पादक मूल्य सूचकांक के आंकड़े जारी

### वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, कीमतों में बदलाव का सटीक आकलन होगा संभव

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जून।

सरकार ने सोमवार को पहली बार वस्तुओं और सेवाओं के लिए उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआइ) के आंकड़े जारी किए। इससे कीमतों में होने वाले बदलाव का सटीक आकलन करना संभव होगा। इससे अगले पांच वर्षों में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआइ) को चरणबद्ध ढंग से हटाने की राह आसान होगी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि यह कदम उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के व्यवहार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की सिफारिशों के अनुरूप है, जिसमें भारत को डब्ल्यूपीआइ की जगह पीपीआइ को अपनाने की जरूरत पर बल दिया गया था। मंत्रालय के मुताबिक, कच्चे माल (इनपुट) और तैयार उत्पाद (आउटपुट) दोनों तरह के पीपीआइ के उपलब्ध होने से उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल और तैयार उत्पादों की कीमतों में बदलाव को समझने में और सहूलियत होगी।

*पांच* साल में थोक मूल्य सूचकांक को चरणबद्ध ढंग से हटाने की राह आसान होगी।

इससे यह भी साफ हो सकेगा कि उत्पादकों पर लागत में बढ़ोतरी का उत्पादों की कीमतों पर कितना असर पड़ता है। इस साल मई के लिए अखिल भारतीय आउटपुट पीपीआइ (सभी वस्तुएं) 109.6 दर्ज किया गया, जो अप्रैल में 108.6 था। वहीं, विनिर्माण क्षेत्र के लिए परीक्षण आधार पर जारी इनपुट पीपीआइ मई में 104.9 रहा।

मंत्रालय ने बताया कि इनपुट पीपीआइ को फिलहाल प्रायोगिक आधार पर जारी किया जा रहा है ताकि आंकड़ों की गुणवत्ता का आकलन किया जा सके और हितधारकों से सुझाव लिए जाएं। मई में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति दर अप्रैल के 8.26 फीसद से बढ़कर 9.68 फीसद हो गई। इसी के अनुरूप आउटपुट पीपीआइ मुद्रास्फीति भी अप्रैल के 8.1 फीसद से बढ़कर मई में 9.4 फीसद हो गई है।

# भारतीय ध्वज वाले एलएनजी टैंकर 'दिशा' ने होर्मुज जलमार्ग पार किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जून।

भारतीय ध्वज वाले जहाज 'दिशा' ने होर्मुज जलमार्ग को सुरक्षित पार कर लिया है। 62,370 टन एलएनजी की खेप के साथ 18 जून को जहाज के भारत के दाहेज बंदरगाह पर पहुंचने की संभावना है। युद्ध प्रभावित क्षेत्र में शांति समझौते की उम्मीद के बीच होर्मुज जलमार्ग को पार करने वाला यह पहला जहाज है।

पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, एलएनजी पोत ह्यदिशाह्ण ने सुरक्षित तौर पर होर्मुज जलमार्ग को पार कर लिया है। भारतीय नौवहन निगम लिमिटेड (एससीआइ) के नेतृत्व वाले समूह द्वारा प्रबंधित जहाज एलएनजी की खेप के साथ 18 जून को भारत पहुंचने की संभावना है। मंत्रालय ने कहा कि नौवहन महानिदेशालय, भारतीय नाविकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए लगातार विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावासों, पोत परिवहन कंपनियों सहित तमाम हितधारकों के साथ लगातार समन्वय में है।

*18* जून को जहाज के भारत के दाहेज बंदरगाह पर पहुंचने की संभावना

## उत्तर-पश्चिम भारत में पश्चिमी विक्षोभ से तेज आंधी और बारिश

नई दिल्ली, 15 जून (ब्यूरो)।

हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय हुए एक नए पश्चिमी विक्षोभ और मानसून की नम हवाओं के असर के कारण सोमवार को उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं, दिल्ली-एनसीआर और राजस्थान के एक बड़े हिस्से में धूलभरी आंधी चली। राजधानी दिल्ली के कई हिस्सों में तेज आंधी के साथ हुई हल्की से मध्यम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से खासी राहत दी। दोपहर के समय हवा की अधिकतम रफ्तार 93 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई, जबकि अपराह्न 2:30 से शाम 5:30 बजे के बीच हुई बारिश ने हवा में नमी बढ़ा दी। दिल्ली के पालम इलाके में शाम 5:30 बजे तक 9.0 मिलीमीटर (मीमी) बारिश दर्ज की गई, जो राजधानी में सबसे ज्यादा रही।

# 'व्यस्त रेलवे स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास के काम तेज होंगे'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 जून।

देश के व्यस्त रेलवे स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास के काम को तेज किया जाएगा। सोमवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन स्टेशनों के लिए तैयार किए गए वृहद योजना (मास्टर प्लान) की समीक्षा की। इस दौरान बोरीवली, अंबाला छावनी और मंगलुरु सेंट्रल रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों पर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान रेल मंत्री ने कहा कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक और टिकाऊ रेलवे अवसंरचना विकसित जाएगी। साथ ही यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त प्लेटफार्म, चौड़े ऊपर गामी पुल (एफओबी), बेहतर इंटर-प्लेटफार्म संपर्क, स्टेशन के अतिरिक्त प्रवेश और निकास द्वार, विस्तृत आवागमन क्षेत्र तथा मल्टीमाडल संपर्क बनाने पर चर्चा हुई।

### *अहमदाबाद और अंबाला मंडल में कवच परियोजना को मंजूरी*

भारतीय रेलवे ने अहमदाबाद और अंबाला मंडल में रेल सुविधा को सुरक्षित बनाने के लिए कवच परियोजना को मंजूरी दी है। इन दोनों परियोजनाओं पर करीब 340 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अहमदाबाद मंडल के 48 ब्लाक अनुभाग और 598 मार्ग किमी पर 'कवच 4.0' लगाने को मंजूरी दी है। इस परियोजना को 140 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा।

**सतर्कता** श्री अमरनाथ यात्रा से पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस की एंटी सबोटेज टीम ने सोमवार को रेलवे ट्रैक की सुरक्षा जांच की।

### त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला

# श्रीलंका ए ने सुपर ओवर में भारत ए को हराया

दाम्बुला, 15 जून (भाषा)।

श्रीलंका ए ने त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के रोमांचक मुकाबले में सोमवार को यहां भारत ए को सुपर ओवर में हरा दिया। श्रीलंका के तेज गेंदबाज कुगाथस मथुलन ने दबाव में भी शांत रहकर वैभव सूर्यवंशी और सूर्यांश शेडगे की खतरनाक भारतीय जोड़ी के खिलाफ सुपर ओवर में 16 रन बचा लिए, जिसके बाद माहौल गरमा गया।

